वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
1992-93





भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
देहरादून

INDIAN INSTITUTE OF PETROLEUM
DEHRADUN

In its pursuit for excellence, IIP continued major thrusts in the areas of Refining Technology, Products Application, Chemical Sciences and Biotechnology. Complementary activities such as crude oil data packages, market demand surveys, support to BIS, training etc. were also pursued. During 1992-93 IIP scaled newer heights on various fronts and frontiers of science and technology. This report presents the progress and achievements made in various areas.

वार्षिक प्रतिवेदन

1992–93

प्रकाशक:
डॉ० तुरगा सुन्दर राम प्रसाद राव
निदेशक
भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
देहरादून–248 005

प्रकाशन समिति
डॉ० वी०के० भाटिया
अध्यक्ष

डॉ० जी०सी० मिश्र
श्री यू०सी० अग्रवाल
श्री डी०एस० रावत
श्री ए० जयरामन
डॉ० मैथ्यू अब्राहम
डॉ० एस०एल०एस० सरोहा
श्री एच० के० मदान
श्री आर०एस० गहरवार
श्री बी०एस० रावत

श्री एस० के० बंसल
संयोजक

हिंदी रूपांतरण: मुकेश चंद्र रतूड़ी
तुलन-सहयोग: प्रताप सिंह चौहान
रूपांकनकार: ब्रेनट्रस्ट एँडवरटाइज़िंग सर्विसेज़, नई दिल्ली
मुद्रण-स्थल: अजन्ता ऑफसेट एँन्ड पैकेजिंग्स लिमिटेड, नई दिल्ली

भारतीय पेट्रोलियम संस्थान
देहरादून

ANNUAL REPORT
1992 - 1993

PHOTO SEC.

Published by
Dr T S R Prasada Rao
Director
Indian Institute of Petroleum
Dehradun - 248 005

Publication Committee
Dr V K Bhatia
Chairman

Dr G C Misra
Shri U C Agrawal
Shri D S Rawat
Shri A Jayaraman
Dr Mathew Abraham
Dr S L S Sarowha
Shri H K Madan
Shri R S Gaharwar
Shri B S Rawat

Shri S K Bansal
Convener

Designed by : Braintrust Advertising Services, New Delhi

Printed at : Ajanta Offset & Packagings Ltd., New Delhi

INDIAN INSTITUTE OF PETROLEUM
DEHRADUN



विषय-सूची

		पृष्ठ सं.
	आमुख	6
	कार्यकारी सारांश	10
1.	**अनुसंधान व विकास-संबंधी प्रगति**	15
1.1	परिष्करण प्रौद्योगिकी	16
1.2	रासायन विज्ञानावली	54
1.3	पेट्रोलियम उत्पाद अनुप्रयोग	64
1.4	औद्योगिक एवं घरेलू दहन	80
1.5	जैव प्रौद्योगिकी	82
1.6	प्रौद्योगिकी सूचना, पूर्वानुमानन एवं निर्धारण	84
1.7	दाखिल किए गए/मुद्रांकित एकस्व	88
1.8	प्रकाशित/प्रस्तुत किए गए शोधपत्र	90
2.	**आलंबन सेवाएँ**	111
2.1	विश्लेषण एवं वैश्लेषिक स्पेक्ट्रमविज्ञान	112
2.2	मानव संसाधन विकास (मा सं वि)	126
2.3	तकनीकी सेवाएँ	130
2.4	इंजीनियरी सेवाएँ	138
3.	**विविध**	145
3.1	पुस्तकालय	146
3.2	चिकित्सीय सेवाएँ	148
3.3	सम्मेलन/कार्यशालाएँ	150
3.4	संभाषण – गोष्ठियाँ	152
3.5	विशिष्ट अतिथिगण	156
3.6	सम्मान/पुरस्कार	160
3.7	समाज के प्रति योगदान	166
3.8	राजभाषा	168
4.	**अनुलग्नकावली**	171
4.1	संपादित प्रायोजित परियोजनाएँ	172
4.2	स्वीकृत प्रायोजित परियोजनाएँ	174
4.3	संप्रति चल रही प्रायोजित परियोजनाएँ	178
4.4	समितियाँ	186
4.5	कर्मचारीगण	194

4

Contents

		Page No.
	Foreword	7
	Executive Summary	11
1.	**R & D Progress**	15
1.1	Refining Technology	17
1.2	Chemical Sciences	55
1.3	Petroleum Products Application	65
1.4	Industrial and Domestic Combustion	81
1.5	Biotechnology	83
1.6	Technology Information, Forecasting and Assessment	85
1.7	Patents Filed/Sealed	89
1.8	Papers Published/Presented	91
2.	**Support Services**	111
2.1	Analysis and Analytical Spectroscopy	113
2.2	Human Resources Development (HRD)	127
2.3	Technical Services	131
2.4	Engineering Services	139
3.	**Miscellaneous**	145
3.1	Library	147
3.2	Medical Services	149
3.3	Conferences/Workshops	151
3.4	Colloquia	153
3.5	Distinguished Visitors	157
3.6	Honours/Awards	161
3.7	Contribution to Society	167
3.8	Rajbhasha	169
4.	**Appendices**	171
4.1	Sponsored Projects Completed	173
4.2	Sponsored Projects Taken Up	175
4.3	Ongoing Sponsored Projects	179
4.4	Committees	187
4.5	Members of Staff	195

आमुख

भारत सरकार की नई औद्योगिक नीति में उदारीकरण का सूत्रपात होने से विदेशी निवेशकों को अपने उद्योग स्थापित करने के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे और फलतः बाज़ार में उनके श्रेष्ठतर उत्पाद आ जाएँगे। इसके परिणामस्वरूप पेट्रोलियम क्षेत्र की सुस्थापित भारतीय तेल कंपनियों में प्रतिस्पर्द्धात्मक संस्कृति की आवश्यकता पैदा हो जाएगी और वे इस बात के लिए बाध्य हो जाएंगी कि बाज़ार में बने रहने व फलने-फूलने के लिए वे अपने उत्पादों में, विदेशी उत्पादों की तुलना में भी, कहीं बेहतरी लाएँ। इस नए परिदृश्य का प्रभाव यह होगा कि इससे हमारे उद्योगों पर अधिक ज़ोर पड़ेगा और उद्योग-क्षेत्र को पहले की तुलना में अनुसंधान व विकास पर और भी अधिक पूँजी-निवेश करना पड़ेगा।

हमारे संस्थान के लिए सबसे विलक्षण अनुकूलता यह है कि हम उस पेट्रोलियम व पेट्रोरसायन उद्योग को अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, जिसका पण्यावर्त या वार्षिक व्यवसाय रु० 40,000 करोड़ से भी बहुत अधिक है। इसीलिए, उद्योग-क्षेत्र से अंतर्सम्बन्ध बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया है। ऐसी कुछ नई पहलें की गई हैं जिससे उद्योग-क्षेत्र तक हमारी पहुँच हो और विभिन्न क्षेत्रों में संस्थान की संभावनाओं और क्षमताओं को भी उद्योगों के सम्मुख उजागर किया जा सके। बंबई में **भापेसं-उद्योग क्षेत्र सम्मेलन** का आयोजन इस दिशा में एक कदम था। भविष्य में ऐसे और आयोजन भी होते रहेंगे। उक्त सम्मेलन में 70 उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योगपति, प्रबंध निदेशक एवं व्यापार प्रबंधक सम्मिलित हुए थे। स्व० श्री लवराज कुमार एवं डॉ० श्री कृष्ण जोशी के आशीर्वाद से, यह सम्मेलन भा०पे०सं० की छवि व शक्यताओं को उभारने में बहुत हद तक सफल रहा।

इन प्रयत्नों के परिणामस्वरूप संस्थान उद्योग-क्षेत्र से हाथ-से-हाथ मिलाकर आगे बढ़ता रहा। इस वर्ष की समाप्ति तक संस्थान के पास रु० 4.116 करोड़ की प्रायोजित परियोजनाएँ आ चुकी थीं। विभिन्न अभिकरणों से प्राप्त प्रायोजना के लिए विचाराधीन अतिरिक्त लंबित प्रस्तावों का मूल्य रु० 24.03 करोड़ था। इस वर्ष संपादित एवं प्रारंभ की गई प्रायोजित परियोजनाओं का मूल्य क्रमशः रु० 60.604 व रु० 213.109 लाख था। अर्थसंकल्पेतर (बजट से इतर) स्रोतों से प्राप्त आय भी सतत बढ़ ही रही है। जहाँ 1991-92 में यह रु० 101.8 लाख़ थी, वहीं अब यह रु० 181.6 लाख़ तक पहुँच गई है। ये सभी इस बात के सूचक हैं कि उद्योग-क्षेत्र का भा०पे०सं० पर भरोसा बढ़ता जा रहा है।

वर्ष 1992-93 में हमारे संस्थान ने विभिन्न मोर्चों और विज्ञान की सरहदों पर नई-नई ऊँचाइयाँ पाई हैं। इस वर्ष के दौरान संस्थान ने उत्प्रेरकों एवं प्रक्रम पैकेजों, प्रति-ऑक्सीकारकों, वैकल्पिक ईंधनों और ईंधन गुणता के विकास पर केंद्रित अपने प्रयत्नों पर कार्य करते रहने के साथ ही अधिशोषी पृथक्करण के नए क्षेत्र में भी प्रवेश किया। दिलचस्पी के वे अन्य क्षेत्र, जिन्होंने हमारा ध्यान अपनी ओर बाँधे रखा है, हैं: प्रदूषण शमन और उत्सर्जन नियंत्रण के लिए प्रौद्योगिकी का विकास। हमारे वैज्ञानिकों के समर्पणपूर्ण प्रयत्नों के फलस्वरूप इन प्रौद्योगिकियों का विकास संभव हुआ है—अति शुद्ध पॉलीमर श्रेणी हेक्ज़ेन के उत्पादनार्थ अधिशोषी पृथक्करण, एन०एम०पी० बेस ल्यूब निष्कर्षण, संसेचित प्रकार के इलेक्ट्रोड पिच, ओ०डी०बी०एच०सी० एवं पी०डी०बी०एच०सी० जैसे उच्च-तापमान प्रति-ऑक्सीकारक एवं ऍल्यूमीनियम संकुल ग्रीज़। ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रौद्योगिकियाँ विकसित करने के हमारे प्रयत्नों के एक भाग के रूप में, केरोसीन वर्तिका (बत्ती वाले) चूल्हे, एल०पी० गैस चूल्हे एवं प्रभंजन लालटेन के लिए प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण उद्योग-क्षेत्र को किया जा चुका है। केरोसीन वर्तिका चूल्हे एवं एल०पी० गैस चूल्हे की ऊष्मा-दक्षता क्रमशः 62 एवं 70-72% है। कुल मिलाकर इस वर्ष के दौरान उद्योग-क्षेत्र को नौ प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण किया गया।

संस्थान ने इन क्षेत्रों में मौलिक अध्ययनों पर भी अपनी गतिविधियाँ केंद्रित कीं: जल अपशिष्ट प्रवाहों से फ़ीनॉलिकों के निष्कासन के लिए द्रव झिल्लियाँ, औद्योगिक महत्व के हाइड्रोकार्बन विलायकों पर मौलिक एल०एल०ई० एवं वी०एल०ई० आँकड़ों का

Foreword

The advent of liberalisation in the new industrial policy of the Govt. of India will open new opportunities for foreign investors to establish their industries and this will lead to a market with their superior products. This would create a necessity of competitive culture in established Indian oil companies of petroleum sector and compel them to improve their products even better than foreign products in order to survive and flourish. The impact of this new scenario will cause greater pressure and induce our industry to invest much more in R & D than practised in the past.

Our Institute enjoys a unique advantage of serving the petroleum and petrochemical industry with an annual turnover of well beyond Rs 40,000 crores. A major emphasis has, therefore, been laid on to increase interaction with the industry. New initiatives have been taken up to reach and expose to industry the Institute's potential and capabilities in various areas. Organisation of IIP-Industry Meet at Bombay was one such effort in this direction and many more would follow in due course of time. The meet was attended by industrialists, managing directors and business managers representing about 70 industries. With the blessings of the late Shri Lovraj Kumar and Dr S K Joshi it was a great success in highlighting IIP's image and its potential.

As a result of these efforts the Institute continued to march ahead hand in hand with industry. The Institute had Rs. 4.116 crores of sponsored projects in hand by the close of the year. Additional pending proposals under consideration for sponsorship by various agencies amounted to Rs 24.03 crores. The values of the sponsored projects completed and initiated during the year were Rs 60.604 and Rs 213.109 lakhs respectively. Income from extra budgetary resources received has also been on continuous increase. While it was Rs 101.8 lakhs in 1991-92, it now stands at Rs 181.6 lakhs. All these are reflections of the growing amount of confidence of the industry in IIP.

The Institute scaled newer heights on various fronts and frontiers of science in 1992-93. During the year the Institute ventured into the new area of adsorptive separation in addition to continuing its thrust on the development of catalysts and process packages, antioxidants, alternative fuels and fuel quality. Other areas of interest which have engaged our attention are development of technology for pollution abatement and emission control. Dedicated efforts of our scientists have resulted in the development of technologies for adsorptive separation for the production of ultra pure polymer grade hexane, NMP based lube extraction, impregnated type electrode pitches, high temperature antioxidants like ODBHC and PDBHC and aluminium complex grease. As a part of our efforts to develop technologies for the rural sector, technlogies for kerosene wick stove, LPG stove and hurricane lantern have been transferred to industry. The kerosene wick stove and LPG stove have thermal efficiency of 62 and 70-72% respectively. In all nine technologies were transferred to the industry during the year.

The Institute also concentrated on basic studies in the areas of liquid membranes for removal of phenolics from water waste streams, generation of basic LLE and VLE data on hydrocarbon solvents of industrial importance, flow characteristics of waxy crudes and designing of wax improvers, supports and catalysis - Y-zeolite

संकलन, मोमी क्रूडों के प्रवाह अभिलक्षणों एवं मोम उन्नायकों, आलंबनों एवं उत्प्रेरण के अभिकल्पन—आर०एफ०सी०सी० उत्प्रेरक एवं हाइड्रोजनीभंजन आलंबन के लिए Y-ज़ीओलाइट आपरिवर्तन, हल्के नैफ्था और सी०एन०जी० गैसीयकरण एवं ऐरोमैटन के लिए नवीनतर ज़ीओलाइट पेंटासिल प्रकार, ऊष्मातरल के लिए प्रतिरूपों का विकास, रूपांतरण की ऊष्मा-बलगतिकी एवं प्रवाह प्रक्रम से संबंधित प्रयोगात्मक अध्ययन एवं दो-स्ट्रोकी इंजनों के लिए प्रज्वलन अभिलक्षण, स्नेहित संस्पर्शों में अपघर्षण का प्रतिरूपण एवं पिस्टन-आस्तर (लाइनर) सामग्रियों की प्रचलनीकरण अपघर्षण क्रियाविधि पर अध्ययन और साथ-ही-साथ ईंधन/वायु मिश्रण के गणितीय अनुकरण व साथ ही डीज़ल इंजनों में भित्ति प्रधार आचरण और दहन।

हमारे संस्थान को गर्व है कि हमने वर्ष 1992 का ''वै०औ०अ०प० सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी पुरस्कार'' जीता। 1990 में संस्थापित इस पुरस्कार को हमने दूसरी बार अपनी झोली में डाला है। यह पुरस्कार द्वि-धात्विक प्लैटिनम-रीनियम पुन:संभावन उत्प्रेरक की अद्यतन-कलावस्था प्रौद्योगिकी के विकास के लिए दिया गया है। इस प्रौद्योगिकी के विकास से भारत विश्व के उन चुने हुए चार देशों की कोटि में आ गया है जिनके पास यह परिष्कृत प्रौद्योगिकी है।

एक ओर जहाँ सफलता के ये प्रतिमान हमने स्थापित किए हैं वही दूसरी ओर भविष्य अपनी महती चुनौतियों को लेकर सामने खड़ा है। और मुझे विश्वास है कि उद्योग-क्षेत्र से यदि हमें सतत सहयोग मिलता रहा और हमारे वैज्ञानिक इसी प्रकार समर्पित भाव से प्रयत्न करते रहे तो संस्थान नई-नई सफलताओं और उच्चतर लक्ष्यों को प्राप्त करने में समर्थ होगा और हाइड्रोकार्बन उद्योग के बदलते परिदृश्य में नई चुनौतियों का सामना कर सकेगा।

प्रसाद राव

—डॉ. तुरगा सुन्दर राम प्रसाद राव,
निदेशक

modification for RFCC catalyst and hydrocracking support, newer zeolite pentasil type for gasification and aromatisation of light naphtha and CNG, development of models for thermofluid, thermo kinetics of conversion and experimental studies related to flow process and ignition characteristics for 2- stroke engines, modelling of wear in lubricated contacts and studies on running-in wear mechanisms of piston liner materials as well as mathematical simulation of fuel/air mixing including wall jet behaviour and combustion in diesel engines.

The Institute is proud of having bagged the CSIR Best Technology Award for the year 1992, second time since these awards were instituted in 1990. The award has been given for developing state of the art of Bi-metallic Platinum Rhenium Reforming Catalyst, placing India in the list of a select band of four countries of the world possessing this sophisticated technology.

With these success stories on one side and future challenges of high magnitude on the other, I am confident that with continued support of industry and dedicated efforts of our scientists, the Institute will be able to achieve newer heights and higher goals and meet new challenges in the changing scenario of hydrocarbon industry.

—Dr T S R Prasada Rao
Director

कार्यकारी सारांश

परिष्करण प्रौद्योगिकी, उत्पाद अनुप्रयोग, रासायन विज्ञानों और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अपने प्रयत्नों को हमारे संस्थान ने जारी रखा है। 1992-93 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों और विज्ञान की सरहदों पर संस्थान द्वारा की गई प्रगति और उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण यहाँ प्रस्तुत है।

पृथक्करण प्रक्रमावली

पारंपरिक विलायक निष्कर्षण अध्ययनों को जारी रखने के साथ ही भा०पे०सं० ने अधिशोषी पृथक्करण के नए क्षेत्र में भी प्रवेश किया। पेट्रोरसायन श्रेणी हेक्ज़ेन (पी०जी०एच०) के उत्पादन के लिए द्रव प्रावस्था अधिशोषण प्रौद्योगिकी के विकास पर बल दिया गया। इस प्रौद्योगिकी की मुख्य विशेषताएँ हैं--सक्रियित कार्बन का अधिशोषी के रूप में प्रयोग, प्रचालन की चक्रीय काष्ठ स्तंभ विधि एवं अधिशोषी पुनरुद्भवन। एक प्रमुख उपलब्धि यह रही कि खाद्य श्रेणी हेक्ज़ेन (एफ०जी०एच०) से अतिशुद्ध पी०जी०एच० की 75% लब्धि प्राप्त की गई। पी०जी०एच० के बेंजीन और सल्फर अंशों को एफ०जी०एच० के 20,000 एवं 10 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम्) से क्रमश: 20 एवं 1 भाग प्रति मिलियन से भी नीचे तक अपचित कर लिया गया। पुनर्निष्कर्षण मार्ग के प्रयोग से केरोसीन का विऐरोमेटन एक महत्वपूर्ण उद्यम था। इस उद्यम को, इन लाभों को दृष्टिगत रखते हुए हाथ में लिया गया था: ऊर्जा-गहन आसवन चरण का निराकरण, जिससे लगभग 50% उपयोगी वस्तुओं की बचत होती है और जिसके फलस्वरूप पुनश्चक्रण विलायक में नैफ़्थालीन का निम्न सांद्रण, कम विलायक अवकर्षण एवं निम्न संक्षारण प्राप्त होते हैं।

प्रदूषण को उपशमित करने के उपाय के रूप में ऐसी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए अध्ययन प्रारंभ किए गए जिससे गंधक को उपोत्पाद के रूप में देने वाली परिष्करणी की एवं अन्य बहिर्गैसों से हाइड्रोजन सल्फाइड का विलोपन किया जा सके। एक ऐसे दक्ष उत्प्रेरक सूत्रण का विकास किया गया जो परिवेश ताप पर फीड गैस मिश्रण के हाइड्रोजन सल्फाइड अंश को 10% से 20 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम) से भी नीचे तक अपचित कर सकता है।

ल्यूब एवं बिटुमेन

अब भी मौजूद कुछ पुरानी पड़ गई प्रौद्योगिकियों के आधुनिकीकरण के लिए भा०पे०सं० ने कच्चे ल्यूब आसुतों के, एक तीसरी-पीढ़ी के विलायक N-मेथिल पिरॉलिडोन (एंन् एम् पी) से निष्कर्षण करने की एक प्रौद्योगिकी सफलतापूर्वक विकसित कर ली है। यह विलायक पारंपरिक रूप से प्रयोग किए जाने वाले विलायक अर्थात् ''फीनॉल'' की तुलना में बहुत उपयुक्त है। इसके प्रक्रम पैकेज को ''इंजीनियर्स इंडिया लि०'' (ई०आई०एल०) एवं ''मद्रास रिफाइनरीज़ लि०'' (एम०आर०एल०) के साथ विकसित किया गया। ''बरौनी रिफ़ाइनरी'' में फ़ीनॉल का अंतरण कर एन०एम्०पी० को प्रयोग करने का व्यापारिक प्रस्ताव ''इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि०'' (आई०ओ०सी०) द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। यहाँ के संयंत्र की पुनर्संज्ञा संभवत: 1994 तक पूरी हो जाएगी।

पाइरोलिटिक डामरों से तैयार किए गए इलेक्ट्रोड पिचों के अभिलक्षण संतोषजनक पाए गए एवं एक 2-5 टन प्रतिदिन की क्षमता वाले देशक संयंत्र की स्थापना के लिए पूर्व-इंजीनियरी अध्ययन प्रारंभ कर दिए गए हैं। प्रक्रम के उपजातों के उपयोग पर भी अध्ययन प्रारंभ कर दिए गए हैं ताकि यह प्रक्रम नैफ़्थालीन्स एवं कार्बन कज्जल के लिए फीड का पूर्वगामी बन सके। वर्तमान में इलेक्ट्रोड पिचों के आयात में रु० 40 करोड़ की लागत आ रही है।

उत्प्रेरक एवं रूपांतरण प्रक्रमावली

रूपांतरण प्रक्रमों के लिए उत्प्रेरकों और प्रक्रम पैकेजों का विकास परिष्करण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की संस्थान की प्रमुख अभिरुचियों में से एक है। Pt-Re द्विधात्विक पुन: संभावन उत्प्रेरक के सफल विकास एवं इसके ''इंडियन पेट्रोकेमिकल्स कॉर्पोरेशन लि० (आई०पी०सी०एल०)'', वडोदरा एवं एम्०आर०एल० में वाणिज्योपयोगी बनाए जाने के बाद संस्थान अब आई०आई०पी० एवं आई०एफ०पी० (इंस्तीत्यूत फ्रांसेईज़ दु पेत्रोल) के उत्प्रेरकों के एक तुलनात्मक देशक संयंत्र मूल्यांकन को पूरा करने में संलग्न है। यदि यह उत्प्रेरक आपेक्षिक पाया गया तो इसे डिगबोई और बरौनी पुन: संभावित्रों में आई०एफ०पी०

Executive Summary

IIP continued its endeavour for excellence in the areas of Refining Technology, Products Application, Chemical Sciences and Biotechnology. Progress and achievements of the Institute on various fronts and frontiers of science during 1992-93 are summarised here.

Separation Processes

While continuing the traditional solvent extraction studies, IIP ventured into the new area of adsorptive separation. Emphasis was laid on the development of liquid phase adsorption technology for production of petrochemical grade hexane (PGH) featuring utilisation of activated carbon as adsorbent, cyclic wood column mode of operation and adsorbent regeneration. In a major breakthrough, 75% yield of ultra pure PGH was obtained from food grade hexane (FGH). The benzene and sulphur contents in PGH were reduced to less than 20 and 1 ppm from 20,000 and 10 ppm respectively in FGH. Dearomatisation of kerosene using re-extraction route was an important endeavour. The advantages aimed at were : elimination of energy-intensive distillation step, saving about 50% utilities and resulting in low naphthalene concentration in recycle solvent, less solvent degradation and reduced corrosion.

As a pollution abatement measure, studies were undertaken for development of technology for removal of hydrogen sulphide from refinery and other off gases yielding sulphur as a by-product. An efficient catalyst formulation was developed which could reduce hydrogen sulphide content in the feed gas mixture from 10% to less than 20 ppm at ambient temperature.

Lubes and Bitumen

To update some of the existing obsolete technologies, IIP has successfully developed technology for extraction of raw lube distillates with a third generation solvent, N-methyl pyrrolidone (NMP), which has several advantages over the conventionally used solvent, viz phenol. The process package was developed alongwith Engineers India Limited (EIL) and Madras Refineries Limited (MRL). Commercial proposal for change-over of phenol to NMP at the Barauni Refinery has been accepted by the Indian Oil Corporation Ltd. (IOC). Revamping of the plant is likely to be completed by 1994.

The characteristics of electrode pitches, prepared from pyrolitic tars, were found satisfactory and pre-engineering studies for setting up a 2-5 tonnes/day pilot plant have been initiated. Studies on utilisation of by-products of the process as a precursor to naphthalenes and feed for carbon black have also been initiated. The electrode pitches are presently being imported at a cost of Rs 40 crores annually.

Catalysts and Conversion Processes

Development of catalysts and process packages for the conversion processes is one of the major interests of the Institute in the area of Refining Technology. After the successful development of the Pt-Re bimetallic reforming catalyst and its commercialisation at the Indian Petro- chemicals Corporation Ltd. (IPCL), Vadodara and MRL, the Institute is now engaged in carrying out a comparative pilot plant evaluation of IIP and IFP (Institut Frances du Petrole) catalysts. If found comparative, the catalyst would be loaded in the Digboi and Barauni reformers in place of the IFP

उत्प्रेरक की जगह लोड किया जाएगा।

आई०एफ्०पी० के साथ एक सह-लाइसेंसदाता के रूप में संस्थान आई०ओ०सी० की प्रस्तावित पानीपत-परिष्करणी के लिए आई०एफ०पी० व ई०आई०एल० के साथ एक सतत-उत्प्रेरकी पुनर्जनी पुन:संभावित्र (सी०सी०आर०) का अभिकल्प बनाने में संलग्न है। संस्थान संयंत्र पूर्व-प्रवर्तन, उत्प्रेरक पुनर्जनन और गारंटी रनों में भी सक्रिय रूप से भाग लेगा। रूपांतरित जीओलाइट और सक्रिय सिलिका-ऐल्यूमिना मैट्रिक्स का प्रयोग करते हुए एफ०सी०सी० के लिए ऐसे उत्प्रेरक सूत्रणों का विकास किया गया है जिनसे बहुत उम्मीदें हैं। निष्पादन के आँकड़ों से यह संकेत मिलता है कि आई०आई०पी० के उत्प्रेरक सक्रियता में मौजूदा व्यापारिक उत्प्रेरकों के तुल्य तो हैं ही, बल्कि वे उत्पाद वरणात्मकता में कहीं बेहतर भी हैं।

रासायन विज्ञानावली

रासायन विज्ञानावली क्षेत्र में उच्च-तापमान प्रति-ऑक्सीकारकों, मध्य आसुत प्रवाह उन्नायक, जोजोबा (होहोबा) एस्टोलाइडों व ऍनालॉगों, जोजोबा (होहोबा) तेल से दीर्घ-श्रृंखला संतृप्त वसीय ऍल्कोहॉलों और सल्फोलेन संश्लेषण के लिए एक प्रक्रम के व्यापारीकरण के लिए प्रौद्योगिकियाँ विकसित करने पर जोर दिया गया। इस क्षेत्र में किए गए प्रयत्नों का विशेष महत्व है ताकि आयातों पर निर्भरता का निराकरण किया जा सके। उच्च-तापमान प्रति-ऑक्सीकारकों के लिए प्रौद्योगिकियों को व्यापारीकरण हेतु हस्तांतरित किया जा चुका है। इन प्रौद्योगिकियों पर अब तक एक या दो बहुराष्ट्रीय कंपनियों का विश्वव्यापी एकाधिकार था। सल्फोलेन प्रौद्योगिकी को भी व्यापारीकरण हेतु हस्तांतरित किया जा चुका है। इन सभी उत्पादों की आवश्यकताएँ पूरी तरह से आयात से पूरी होती हैं। हाल ही में, भा०पे०सं० ने ऍडिपिक ऍसिड के उत्पादनार्थ एक ऐसे पर्यावरण-स्नेही अभिनव मार्ग के विकास पर कार्य प्रारंभ किया है जिसमें साइक्लोहेक्ज़ेन के एकल-चरण ऑक्सीकरण का ध्यान रखा जायगा। इसमें काफी सफलता प्राप्त हो गई है और इस विकास ने विश्वव्यापी दिलचस्पी पैदा कर दी है।

इसी प्रकार, ऐसे ही मार्ग से m-ज़ाइलीन ऑक्सीकरण के द्वारा आइसोफ्थैलिक ऍसिड के उत्पादन पर भी कार्य प्रारंभ किया गया है।

पेट्रोलियम उत्पाद अनुप्रयोग:

आंतरिक दहन (आई०सी०) इंजनों, ईंधन गुणता, वाहन उत्सर्जन, वैकल्पिक ईंधनों, औद्योगिक ट्राइबॉलॉजी और ईंधन-दक्ष घरेलू व औद्योगिक उपकरणों के विकास से संबंधित परियोजनाएँ कार्यान्वित की गईं। ईंधन गुणता पर किए गए अध्ययनों में विशेषत: भंजित ईंधन घटकों का प्रभाव, आसवन परास, गंधक, श्यानता और डीज़ल की सीटेन संख्या, गैसोलीन वाष्पशीलता, अपस्फोटरोधी गुणता एवं स्थायित्व आदि सम्मिलित थे। आज के भारतीय गैसोलीन एवं डीज़ल वाहनों की ईंधन गुणता की आवश्यकताओं का अध्ययन, वाहन इंजन निष्पादन, चालन-योग्यता और गैसीय उत्सर्जनों की दृष्टि से किया गया। इन अध्ययनों से गैसोलीन एवम् डीज़ल ईंधन विनिर्देशनों को इस प्रकार संशोधित करने में मदद मिलेगी ताकि इनकी लागत में कमी आ सके।

आंतरिक दहन (आई०सी०) इंजनों में संपीडित प्राकृतिक गैस (सी०एन०जी०) जैसे वैकल्पिक ईंधनों के प्रयोग पर दिए जा रहे जोर को जारी रखा गया। लगभग सभी मार्के की भारतीय कारों व साथ ही डीजल इंजनों में सी०एन०जी० के प्रयोग की उपयुक्तता को स्थापित करने के लिए अध्ययन जारी हैं। प्राकृतिक गैस की उपलब्धता बढ़ने और पर्यावरण की दृष्टि से इसकी स्वच्छ प्रकृति से न केवल उन द्रव ईंधनों पर निर्भरता कम होगी जिनके परंपरा से ही भंडार कम हैं, बल्कि इससे वाहन-उत्सर्जनों द्वारा होने वाले प्रदूषणों में भी कमी आएगी।

संस्थान ने एक ईंधन-दक्ष ऐसे एल०पी० गैस चूल्हे का सफलतापूर्वक विकास किया है जिसकी ऊष्मा-दक्षता 70-72% से अधिक है। यह बाजार में उपलब्ध ऐसे सभी उत्पादों में सबसे अधिक है। यह व्यापारीकरण के लिए तैयार है।

जैव प्रौद्योगिकी

जैव प्रौद्योगिकी के नए उभरते हुए और तेज़ी से विकासमान क्षेत्र पर संस्थान में गूढ़ ध्यान दिया गया है। इस वर्ष, गुरुतर पेट्रेलियम प्रभाजों के सूक्ष्मजैविक विमोमन और सूक्ष्मजैविक परिवर्द्धित तेल पुन: प्राप्ति के लिए जैव पृष्ठ सक्रियकों के उत्पादन पर गतिविधियाँ जारी रहीं।

catalyst. As a co-licensor with IFP, the Institute is engaged in designing a continuous catalytic regenerative reformer (CCR) alongwith IFP and EIL for the proposed Panipat Refinery of IOC. The Institute will also actively participate in the plant precommissioning, catalyst regeneration and gurantee runs. Very promising catalyst formulations have been developed for FCC using modified zeolite and active silica-alumina matrix. The performance data indicate that the IIP catalysts are comparable with the existing commercial ones in activity and are even better in product selectivity.

Chemical Sciences

In the Chemical Sciences area emphasis was laid on the development of technologies for high temperature antioxidants, middle distillate flow improver, jojoba estolides and analogues, long chain saturated fatty alcohols from jojoba oil and commercialisation of a process for sulpholane synthesis. Efforts in this area are of special significance to obviate dependence on imports. The technologies for high temperature antioxidants, so far a world monopoly of only one or two multinationals, have been transferred for commercialisation. The sulpholane technology has also been transferred for commercialisation. Requirements of all these products are totally met by imports. Recently, IIP has embarked upon the development of an environment-friendly novel route for production of adipic acid which envisages single-step oxidation of cyclohexane. Considerable success has been achieved and this development has evoked global interest.

Similarly production of isophthalic acid through m- xylene oxidation by a similar route has also been taken up.

Petroleum Products Application

The projects related to IC engines, fuel quality, vehicle emissions, alternative fuels, industrial tribology and development of fuel efficient domestic and industrial appliances were carried out. Studies in fuel quality, in particular, included effect of cracked fuel components, distillation range, sulphur, viscosity and cetane number of diesel, gasoline volatility, antiknock quality and stability etc. Fuel quality requirements of current Indian gasoline and diesel vehicles were studied from the point of vehicle engine performance, driveability and gaseous emissions. These studies will assist in revising gasoline and diesel fuel specifications in a cost-effective manner.

The thrust on use of alternative fuels like compressed natural gas (CNG) in IC engines was continued. Studies to establish the suitability of use of CNG in almost all makes of Indian cars as well as diesel engines are in progress. Increase in availability of natural gas and its environmentally clean nature will help reduction in not only the dependence on liquid fuels which are traditionally in short supply but also reduce pollution by vehicular emissions.

The Institute has successfully developed a fuel-efficient LPG stove having thermal efficiency of over 70-72% which is the highest amongst all such products available in the market. It is ready for commercialisation.

Biotechnology

New emerging and fast growing area of biotechnology has been given rapt attention at the Institute. Activities on microbial dewaxing of heavier petroleum fractions and production of biosurfactants for microbial enhanced oil recovery were pursued during the year.

DR. T.S.R. PRASADA RAO
Area Co-ordinator
- Refining Technology
- Catalysis
- Technical Services

अनुसंधान व विकास-संबंधी प्रगति

R & D PROGRESS

SUDHIR SINGHAL
Area Co-ordinator
- Petroleum Products Application
- Analysis & Analytical Spectroscopy

DR. G.C. JOSHI
Area Co-ordinator
- Chemical Sciences

DR. V.R. SISTA
Area Co-ordinator
- Bio-technology

P.N. BHAMBI
Area Co-ordinator
- Industrial & Domestic Combustion
- Engineering Services

अध्याय - 1
Chapter - 1

परिष्करण प्रौद्योगिकी

1.1

उत्प्रेरक एवं रूपांतरण प्रक्रमावली

पुन: संभावन (रिफॉर्मिंग) उत्प्रेरकों का विकास

1. **पुन: संभावन एस०आर०**
(अर्द्ध-पुनर्जनी - सेमि रिजेनेरेटिव)

(क) संतुलित पुन:संभावन उत्प्रेरक

(i) आई०आई०पी० - आई०पी०सी०एल० आई०पी०आर० - 2001 उत्प्रेरक एवं व्यापारिक संदर्भ उत्प्रेरक का भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणन संपन्न किया गया। दोनों उत्प्रेरकों में धातु विक्षेपण, अम्लता, अम्ल प्राबल्य वितरण, क्रिस्टलीयता इत्यादि समान पाए गए।

(ii) **आर०जी०- 451 का भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणन और निष्पादन-मूल्यांकन**

बोंगईगाँव रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्ज़ लि० (बी०आर०पी०एल०) आर०जी०-451 पुन: संभावन उत्प्रेरक का, 1984 में अपने प्रवर्तन के बाद से ही, उपयोग करती आ रही है। यह उत्प्रेरक अपने छठे पुनर्जनन के बाद भी संतोषप्रद रीति से कार्य कर रहा है।

बी०आर०पी०एल० ने भा०पे०सं० से यह अनुरोध किया है कि अगले दो चक्रों के लिए पुनर्जनित उत्प्रेरक के संभावित निष्पादन का अध्ययन कर लें। पहले चरण में, आर०जी०-451 उत्प्रेरक के विभिन्न भौतिक-रासायनिक गुणधर्मों का निर्धारण कर उन्हें बी०आर०पी०एल० को संप्रेषित कर दिया गया।

(iii) **आई०पी०आर०-2001 एवं आर०जी०-482 पुन:संभावन उत्प्रेरकों का देशक संयंत्र मूल्यांकन**

भा०पे०सं० का प्रस्ताव है कि बरौनी और डिगबोई पुन:संभावित्रों में आर०जी०-482 उत्प्रेरक के स्थान पर देशज आई०आई०पी०-आई०पी०सी०एल० द्विधात्विक पुन: संभावन उत्प्रेरक आई०पी०आर०-2001 का प्रयोग किया जाय। इसके लिए आई०ओ०सी० के साथ एक प्रक्रम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। इसलिए, आई०पी०आर०-2001 उत्प्रेरक का देशक संयंत्र मूल्यांकन त्वरित काल प्रभावन परिस्थितियों के अंतर्गत किया गया है और इसमें हाल्दिया परिष्करणी से प्राप्त पूर्वविवेचित पैराफिनी नैफ्था (90-140°C कट) का प्रयोग किया गया है। आई०एफ०पी०, फ्रांस, आई०पी०सी०एल० (अनु०व वि०) एवं आई०ओ०सी० (पी०) नई दिल्ली के प्रतिनिधियों ने संपरीक्षण रनों में भाग लिया। C_5^+ लब्धि पर प्रारूपिक आंकड़े चित्र-1 में दिखाए गए हैं।

(iv) **एम०आर०एल० से प्राप्त प्रयुक्त आई०आई० पी०-आई०पी०सी०एल० उत्प्रेरक का देशक संयंत्र मूल्यांकन**

एम०आर०एल० पुन: संभावित्र में लोड किए हुए देशज आई०आई०पी०-आई०पी०सी०एल० द्विधात्विक उत्प्रेरक

A VIEW OF CATALYTIC REFORMING UNIT

Refining Technology

1.1

CATALYSTS AND CONVERSION PROCESSES

DEVELOPMENT OF REFORMING CATALYSTS

I. Reforming S R (Semi Regenerative)

(a) Balanced Reforming Catalyst

(i) Physico-chemical characterization of IIP-IPCL IPR-2001 catalyst and commercial reference catalyst was carried out. The metal dispersion, acidity, acid strength distribution, crystallinity etc. of both the catalysts were found to be similar.

(ii) Physico-Chemical Characterization and Performance Evaluation of RG-451

Bongaigaon Refinery and Petrochemicals Ltd. (BRPL) has been using RG-451 reforming catalyst since commissioning in 1984. The catalyst has been working satisfactorily even after 6th regeneration. BRPL has requested IIP to study the likely performance of the regenerated catalyst for the next two cycles. In the first phase various physico-chemical properties of RG 451 catalyst were determined and communicated to BRPL.

(iii) Pilot Plant Evaluation of IPR-2001 and RG-482 Reforming Catalysts

IIP is proposing to use indigenous IIP-IPCL bimetallic reforming catalyst IPR-2001 in place of RG-482 in Barauni and Digboi reformers for which a process agreement with IOC has been signed. Pilot plant evaluation of IPR - 2001 catalyst has, therefore, been carried out under accelerated ageing conditions using pretreated paraffinic naphtha (90 to140°C cut) from Haldia Refinery. Representatives from IFP France, IPCL (R&D) and IOC (P) New Delhi participated in the test runs. Typical data on C_5^+ yield are shown in Fig.1.

(iv) Pilot Plant Evaluation of used IIP-IPCL Catalyst from MRL

Samples of indigenous IIP-IPCL bimetallic catalyst IPR-2001, loaded in MRL reformer, were collected after first step of sulphate removal during second regeneration.



FIG. 1: EVALUATION OF REFORMING CAT. (IIP-2001)

R.P. MEHROTRA
Area Leader
● Conversion Processes
● Catalysis

के नमूनों को, दूसरे पुनर्जनन के दौरान सल्फ़ेट निष्कासन के प्रथम चरण के बाद संकलित किया गया। उत्प्रेरक के नमूने से सल्फेट निष्कासन का दूसरा चरण भा०पे०सं० की देशक यूनिट में संपादित किया गया। इसके बाद एम०आर०एल० फीड स्टॉक का प्रयोग करते हुए 485°C, 27.5 बार रिऍक्टर दबाव, 1.9 एवं 1.2 डब्ल्यू०एच०एस०वी० पर सक्रियता का मूल्यांकन किया गया। उत्प्रेरक का निष्पादन संतोषजनक रहा और यह प्रथम चक्र में नवीन सक्रियता के बराबर है। चित्र-2 में प्रारूपिक C_5^+ लब्धि और रिफॉर्मेट या पुन: संभावित के आर०ओ०एन०सी० को प्रस्तुत किया गया है।

(v) **विभिन्न परिष्करणी प्रवाहों से वैमानिक गैसोलीन के सूत्रण की सुसंगतता**

घनत्व, पी०आई०ओ०एन०ए०, ऐनिलीन गुरुत्व स्थिरांक, आर०ओ०एन्०सी एवं एम्०ओ०एन्०सी० जैसे महत्वपूर्ण गुणधर्मों के लिए नौ परिष्करणी प्रवाहों का अभिलक्षणन किया गया। ''गुजरात रिफाइनरी'' से प्राप्त एफ०सी०सी० हल्का नैफ्था एवं ''गुजरात पेट्रो-सिन्थेसिस'' से प्राप्त द्वितय का 20°C प्रभाजों में प्रभाजन किया गया एवं उनका विश्लेषण भी किया गया। इस सबके परिणामस्वरूप यह पाया गया कि इन में से कोई भी प्रवाह वैमानिक गैसोलीन के विनिर्देशनों की शर्त पूरी नहीं करता है।

(ख) विषम पुन: संभावन उत्प्रेरक

Pt-Re विषम पुन: संभावन उत्प्रेरक का समुचित संबल तैयार करने के लिए अन्वेषी कार्य आरंभ कर दिया गया है। व्यापारिक ऐल्यूमिना हाइड्रेट पाउडर का अम्ल की विभिन्न मात्राओं से पेप्टीकरण किया गया और तब इसे शुष्क बहिर्वेधित कर लिया गया। नमूनों के अभिलक्षणन से सूक्ष्मरंध्रों के अत्यधिक संकेंद्रण के संकेत मिलते हैं। इस पर और भी कार्य चल रहा है।

II. पुन: संभावन सी० सी० आर० (सतत उत्प्रेरक पुनर्जनन)

सी०सी०आर० प्रचालन के लिए उत्प्रेरक का विकास करने के लिए ऍल्यूमीनियम हाइड्रॉक्सीक्लोराइड से ऍल्यूमिना गोलक तैयार किए गए। Al धातु को हाइड्रोक्लोरिक अम्ल की परिकलित मात्रा में विलीन कर एक पहला जलविलय या हाइड्रोसॉल तैयार किया गया। इसके बाद एक दूसरा जलविलय, पहले जलविलय में ज्ञात सांद्रण वाले हेक्सा मेथिलीन टेट्रामीन (एच०एम०टी०) विलयन को मिलाकर तैयार किया गया। इस मिश्रण को तप्त तेल में परिक्षेपित किया गया। इन परिक्षेपणों को काल प्रभावित, प्रक्षालित, शुष्कित और निस्तापित किया गया। विरचन प्राचल भिन्न-भिन्न रहे। अंतत: वांछित विनिर्देशनों के निकट के आकार और आमाप वाले गोलकों को तैयार किया गया। अंतर्भरण की विभिन्न तकनीकों और Sn के विभिन्न लवणों का प्रयोग करते हुए क्लोरीनित व्यापारिक ऍल्यूमिना गोलकों को Pt और Sn से लोड करने के द्वारा विभिन्न सी सी आर उत्प्रेरक नमूने तैयार किए गए। आलंबन की क्रिस्टलीयता, पृष्ठ क्षेत्र, रंध्र-आयतन और रंध्र आमाप वितरण एवं विभिन्न विरचित उत्प्रेरकों के धातु परिक्षेपण (मेटल डिस्पर्शन) एवं अपचयन आचरण का निर्धारण किया गया। सी०सी०आर०-11 उत्प्रेरक के प्रारूपिक भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणों को व्यापारिक संदर्भ उत्प्रेरक के साथ तुलना करके सारिणी-1 में दिया गया है।



FIG. 2 : PILOT PLANT STUDIES ON USED IPR 2001

The second step of sulphate removal from the catalyst sample was performed in the pilot unit at IIP. It was followed by evaluation of activity at 485°C, 27.5 bar reactor pressure, 1.9 and 1.2 WHSV using MRL feed stock. The catalyst performance was satisfactory and is equivalent to fresh activity in first cycle. Typical C_5^+ yield and RONC of reformate are presented in Fig.2.

(v) Feasibility of Formulation of Aviation Gasoline from Various Refinery Streams

Nine refinery streams were characterized for important properties such as density, PIONA, aniline gravity constant, RONC and MONC. FCC light naphtha from Gujarat Refinery and dimer from Gujarat Petro-Synthesis were fractionated in 20°C fractions and were also analyzed. None of the streams meets the specifications of aviation gasoline as such.

(b) Skewed Reforming Catalyst

Exploratory work has been initiated to prepare a suitable support for Pt-Re skewed reforming catalyst. Commercial alumina hydrate powder was peptized with different amounts of acid and then dry extruded. The characterization of the samples indicated a high concentration of micropores. Further work is in progress.

II. Reforming CCR (Continuous Catalyst Regeneration)

In order to develop catalyst for CCR operation, alumina spheres were prepared from aluminium hydroxychloride. A first hydrosol was prepared by dissolving Al metal in calculated amount of hydrochloric acid. A second hydrosol was then prepared by adding hexamethylene tetramine (HMT) solution of known concentration to the first hydrosol. The mixture was dispersed in hot oil. The dispersions were aged, washed, dried and calcined. The preparation parameters were varied. Finally, spheres having shape and size close to desired specifications were prepared.

Various CCR catalyst samples were prepared by loading chlorinated commercial alumina spheres with Pt and Sn using different techniques of impregnation and different salts of Sn. The crystallinity, surface area, pore volume and pore size distribution of the support and metal dispersion and reduction behaviour of the various catalysts



DR. T.S.R. PRASADA RAO EXPLAINS SOME POINT TO DR. S.Z. QASIM, MEMBER, PLANNING COMMISSION (S&T)

सी०सी०आर० उत्प्रेरक प्रतिदर्शों अथवा नमूनों में धातु-धातु अन्योन्यक्रिया का अध्ययन करने के लिए कुछ उत्प्रेरकों की टी०पी०आर० प्रोफाइलें तैयार कर उनकी व्यापारिक संदर्भ उत्प्रेरक से तुलना की गई। ये आँकड़े चित्र 3 में चित्रित किए गए हैं। यह देखा गया है कि दोनों उत्प्रेरक केवल एक ही अकेला अपचयन शिखर प्रदान करते हैं जिससे Pt व Sn की प्रबल अन्योन्यक्रिया के संकेत मिलते हैं। अंतत: उच्च-धातु-परिक्षेपण और प्रबल धातु-धातु अन्योन्यक्रिया वाला एक उत्प्रेरक तैयार किया गया है।

III. उद्योगों को वैज्ञानिक और तकनीकी सेवाएँ

(i) बी०आर०पी०एल० में पुन: संभावन उत्प्रेरक का पुनर्जनन और उत्प्रेरकी पुन: संभावन यूनिट (सी०आर०यू०) का प्रवर्तन

भा०पे०सं० के दो वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक और तकनीकी निविष्टियों को प्रदान कर उत्प्रेरक के छठे पुनर्जनन और संयंत्र प्रवर्तन में अपनी भागीदारी दी। उत्प्रेरक का पुनर्जनन सफलतापूर्वक कर लिया गया और वांछित सक्रियता भी उपलब्ध हुई।

(ii) एम०आर०एल० मद्रास में दूसरा पुनर्जनन, दोष - निष्कासन और सी०आर०यू० का प्रवर्तन

पहले चक्र के दौरान तेरह महीनों से भी अधिक के प्रचालन में देशज आई०आई०पी० - आई०पी०सी०एल० द्विधात्विक उत्प्रेरक आई०पी०आर०-2001 का संतोषजनक निष्पादन रहा। इस उत्प्रेरक को चक्र के अंत के निकट पहुँचने पर भारी गंधक पर्यास (अपसेट) का सामना करना पड़ा। इसे एम०आर०एल० द्वारा गंधक-विपट्टित (सल्फ़र स्ट्रिप्ड) एवं पुनर्जनित किया गया। यह उत्प्रेरक दूसरे चक्र में बहुत तेज़ी से तीन महीनों में निष्क्रिय हो गया। पहले पुनर्जनन के उपरांत सभी तीनों रिऍक्टरों से संग्रहीत उत्प्रेरक प्रतिदर्शों या नमूनों का विस्तृत भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणन कर एवं दूसरे चक्र के निष्पादन आँकड़ों का सम्पूर्ण विश्लेषण कर निष्क्रियकरण के कारणों का अभिनिर्धारण



FIG. 3 : TPR PROFILES OF IIP CATALYST AND REFERENCE CATALYST

prepared were determined. Typical physico-chemical characteristics of CCR-11 catalyst, compared with commercial reference catalyst, are given in Table-1.

In order to study the metal-metal interaction in CCR catalyst samples, TPR profiles of some catalysts were done and compared with the commercial reference catalyst. The data are depicted in Fig 3. It is observed that both the catalysts give only a single reduction peak indicating strong interaction of Pt and Sn. Finally a catalyst with high metal dispersion and strong metal-metal interaction has been prepared.

III. Scientific and Technical Services to Industry

(i) Regeneration of reforming catalyst and start-up of Catalytic Reforming Unit (CRU) at BRPL

Two IIP scientists participated in the 6th regeneration of catalyst and plant start up by providing scientific and technical inputs. The catalyst was regenerated successfully and the desired activity was obtained.

(ii) Trouble shooting, 2nd regeneration and start-up of CRU at MRL, Madras

Indigenous IIP-IPCL bimetallic catalyst IPR-2001 exhibited satisfactory performance for over thirteen months of operation during the 1st cycle. The catalyst suffered heavy sulphur upset near the end of the cycle. It was sulphur stripped and regenerated by MRL. The catalyst deactivated very fast in three months in second cycle. With extensive physico-chemical characterization of catalyst samples, collected from all the three reactors subsequent to first regeneration and thorough analysis of performance data of second cycle, the reasons for deactivation were identified. The severe sulphur



FIG. 4 : PERFORMANCE OF IPR 2001 CATALYST IN MRL REFORMER

Table-1

PHYSICO-CHEMICAL CHARACTERISTICS OF CCR CATALYST

Properties	Reference Sample	CCR-11
Surface area (m^2/g)	204	185
Total pore volume (ml/g)	0.6921	0.5870
Bulk density (g/cc)	0.5981	0.61
Crushing strength (kg)	2.46	1.70
Average diameter (cm)	0.1678	0.168
Attrition loss (%)	0.67	0.74
Metal dispersion (%)	90	83
Crystallinity (%)	69.4	73.0
Cat composition	$Pt\text{-}Sn/Al_2O_3$	$Pt\text{-}Sn/Al_2O_3$

किया गया। यह पाया गया कि पहले पुनर्जनन के दौरान तीव्र गंधक विषाक्तन और तदुपरांत उत्प्रेरक पर सल्फेट संभावन - ये निष्क्रियकरण के कारण थे। इसलिए उत्प्रेरक का पुनर्जनन, विशिष्ट सल्फेट निष्कासन एवं पुनर्जनन तकनीकों का चुनाव कर किया गया। उत्प्रेरक को तीसरे चक्र में अपनी सक्रियता और स्थायित्व पुन: प्राप्त हो गए। चित्र 4 में विभिन्न चक्रों में प्रत्याभूत और वास्तविक एस०ओ०आर० लब्धियाँ दिखाई गई हैं। भा०पे०सं० के चार वैज्ञानिकों ने एम०आर०एल० और साथ ही आई०पी०सी०एल० में प्रचालन के विभिन्न चरणों में दोष-निष्कासन और उत्प्रेरक पुनरुज्जीवन गतिविधियों में भाग लिया।

(iii) हाल्दिया रिफ़ाइनरी में सी०आर०यू० का पुनर्जनन और प्रवर्तन

हाल्दिया रिफ़ाइनरी में आपरिवर्तित पुनर्जनन प्रक्रिया का प्रयोग करते हुए द्विधात्विक उत्प्रेरक आर०जी०-482 का पहला पुनर्जनन संपादित किया गया। भा०पे०सं० के दो वैज्ञानिकों ने उपयोगी वैज्ञानिक एवं तकनीकी निविष्टियाँ उपलब्ध कर इन गतिविधियों में भाग लिया। पुनर्जनन के बाद इस उत्प्रेरक ने अपनी मूलभूत सक्रियता फिर से प्राप्त कर ली।

एफ०सी०सी० उत्प्रेरक का सुधार और विकास

Y-जीओलाइट का रूपांतरण

व्यापारिक Y-जीओलाइट का, विऐॅल्यूमिनीकरण हेतु विभिन्न मात्राओं (20 से 80%) तक परिवर्ती परिस्थितियों में उष्णजलीय विवेचन किया गया। विऐॅल्यूमिनीकृत ज़ीओलाइट के ग़ैर-प्राधारीय ऐॅल्यूमिना को अम्लीय विवेचन द्वारा निष्कासित किया गया। ये आपरिवर्तित ज़ीओलाइट प्रतिदर्श एफ०सी०सी० उंत्प्रेरकों के विरचन में प्रयोग किए गए।

उत्प्रेरक का विरचन

विएल्यूमिनीकरण की विभिन्न मात्राओं वाले ज़ीओलाइट को सिलिका-ऐॅल्यूमिना, ऐॅल्यूमिना और केओलिन मृत्तिका से बने एक सक्रिय पदार्थ में परिक्षेपित कर विभिन्न एफ०सी०सी० उत्प्रेरक नमूने तैयार किए गए। प्रारंभिक रूप से तैयार किए गए उत्प्रेरक का हीन कण-सामर्थ्य रहा। इसलिए विरचन प्रक्रिया में आपरिवर्तन किया गया जिसके अंतर्गत सुधारित कण-सामर्थ्य वाले उत्प्रेरक प्राप्त किए गए। इन उत्प्रेरकों का एम०ए०टी० सक्रियता और वरणात्मकता के लिए अभिलक्षणन और मूल्यांकन किया गया।

उत्प्रेरक अभिलक्षणन

सूक्ष्म ऊष्मामापी द्वारा बी०ई०टी० पृष्ठ क्षेत्र, अम्लता और अम्ल प्राबल्य वितरण का निर्धारण किया गया और नवीन और प्रवाष्पित उत्प्रेरक नमूनों के ज़ीओलाइट अंश और एकांक कोशिका आमाप को एक्स०आर०डी० विश्लेषण द्वारा निर्धारित किया गया। कुछ उत्प्रेरक नमूनों का उष्णजलीय स्थायित्व तो व्यापारिक उत्प्रेरक से भी बेहतर पाया गया। जैसे-जैसे मिलाए या जोड़े गए ज़ीओलाइट की विऐॅल्यूमिनीकरण की मात्रा बढ़ाई जाती है, उत्प्रेरकों की कुल अम्लता कम हो जाती है। प्रवाष्पन से सभी प्रकार की सामर्थ्य वाले अम्ल स्थलों का सांद्रण प्रचण्ड रूप से दमित हो जाता है।

एम०ए०टी० मूल्यांकन

मूल्यांकन से पूर्व इन उत्प्रेरकों का मानक परिस्थितियों में निष्क्रियकरण किया गया। प्रवाष्पित उत्प्रेरक नमूनों का, एक एम०ए०टी० यूनिट में उनकी सक्रियता और उत्पाद वरणात्मकताओं के लिए मूल्यांकन किया गया। आँकड़ों (सारिणी-2) से स्पष्ट है कि आशाजनक उत्प्रेरक सूत्रणों की एम०ए०टी० सक्रियता और वरणात्मकताएँ ऐसी थीं जो

MICRO ACTIVITY TEST UNIT FOR CATALYST PERFORMANCE EVALUATION

poisoning and subsequent sulphate formation on the catalyst during first regeneration were found to be the causes for deactivation. The catalyst was, therefore, regenerated by adopting special sulphate removal and regeneration techniques. The catalyst regained its activity and stability in the third cycle. Fig.4 shows the guaranteed and actual SOR yields in different cycles. Four IIP scientists participated in the trouble shooting and catalyst revival activities at various stages of operation at MRL along with IPCL.

(iii) Regeneration and start up of CRU at Haldia Refinery

First regeneration of bimetallic catalyst RG-482 was carried out at Haldia Refinery using modified regeneration procedure. Two IIP scientists participated in these activities by providing useful scientific and technical inputs. The catalyst regained its original activity after regeneration.

IMPROVEMENT AND DEVELOPMENT OF FCC CATALYST

Modification of Y-Zeolite

Commercial Y-Zeolite was hydrothermally treated under varying conditions for dealumination to different degrees (20 to 80%). Non-framework alumina of the dealuminated zeolite was removed by acid treatment. These modified zeolite samples were used in the preparation of FCC catalysts.

Preparation of Catalyst

Various FCC catalyst samples were prepared by dispersing zeolite of different degrees of dealumination in an active material consisting of silica-alumina, alumina and kaolin clay. The particle strength of the initially prepared catalyst was poor. The preparation procedure was, therefore, modified under which catalysts with improved particle strength were obtained. The catalysts were characterized and evaluated for MAT activity and selectivity.

Catalyst Characterisation

The BET surface area, acidity and acid strength distribution were determined by microcalorimeter and zeolite content and unit cell size of fresh and steamed catalyst samples by XRD analysis. The hydrothermal stability of some of the catalyst samples was found to be even better than a commercial catalyst. As the degree of dealumination of the added zeolite is increased, the total acidity of the catalysts decreases. Steaming drastically suppresses the concentration of acid sites of all strength.

MAT Evaluation

Prior to evaluation, these catalysts were deactivated under standard conditions. The steamed catalyst samples were evaluated for their activity and product selectivities in a MAT unit. Data (Table-2) indicate that promising catalyst formulations had a MAT activity and selectivities

Table-2

PERFORMANCE OF IIP FORMULATED CATALYSTS

Catalyst	KLC-85	FCC-9	FCC-10
Product Selectivity wt%			
Dry gas	0.86	0.92	0.85
LPG	11.89	9.96	10.46
Gasoline	37.62	37.85	37.33
TCO	38.79	38.77	41.20
370°C+	8.55	9.71	8.53
Coke	2.29	2.79	1.63
MAT Conv. %	66.33	64.90	64.10

वर्तमान में कुछ भारतीय परिष्करणियों में प्रयुक्त व्यापारिक उत्प्रेरकों में से एक के समतुल्य हैं।

सी०आर०एल० के अनुरोध पर, तीन व्यापारिक एफ़०सी०सी० उत्प्रेरकों यथा एच०एक्स०एल०-90, के०एम०डी०-309 ए० एवं ओरायन-432 जी० की गैस तेल भंजन सक्रियता निर्धारित करने के लिए इनका पहले तो ए०एस०टी०एम० परिस्थितियों के अंतर्गत प्रवाष्प- विवेचन किया गया और तब एम०ए०टी० सक्रियता और उत्पाद वरणात्मकताओं के लिए इनका मूल्यांकन किया गया।

इन तीन उत्प्रेरकों की आपेक्षिक भंजन सक्रियताओं का निम्नलिखित क्रम में ह्रास हुआ-

एच०एक्स०एल०-90 > के०एम०डी०-309 > ओरायन 432 जी।

ओरायन-432 जी० की कोक वरणात्मकता बेहतर पाई गई।

दुर्लभ मृदा- वाई० (आर०ई०वाई०) - आधारित ज़ीओलाइट उत्प्रेरक पर ''बॉम्बे हाई वी०जी०ओ०'' का प्रयोग करते हुए संपूर्ण चक्र तेल (टी०सी०ओ०) के अधिकतमीकरण के लिए भंजन प्रचण्डता पर किए गए अध्ययनों से यह पता चलता है कि उत्प्रेरक/तेल अनुपात का एक ऐसा इष्टतम प्रचण्डता-स्तर विद्यमान है जिस पर अधिकतम टी०सी०ओ० लब्धि होती है। लेकिन, उत्प्रेरक/तेल अनुपात में वृद्धि से हाइड्रोजन अंतरण गुणांक की सतत वृद्धि होती है जिसका उत्पाद की गुणता पर प्रभाव पड़ता ही है। यह अध्ययन अभी चल रहा है।

आपरिवर्तित ज़ीओलाइट के ऊपर निम्न-ऑक्टेन पैराफ़िनों का उच्च-ऑक्टेन उत्पादों में रूपांतरण

n-हेप्टेन को फीड के रूप में प्रयोग करते हुए ऐरोमैटीकरण सक्रियता के लिए भा०पे०सं० में ही तैयार किए गए विभिन्न सिलिका ऍल्यूमिना अनुपात वाले उत्प्रेरक-प्रतिदर्शों की प्रारंभिक जाँच से उत्साहवर्द्धक परिणाम मिले हैं।

इसलिए, सह-टेम्पलेट अथवा टेम्पलेट-विहीन 30 और 60 के सिलिका/ऐल्यूमिना अनुपात से भा०पे०सं० में विरचित ज़ेड०एस०एम०-5 उत्प्रेरक का शुद्ध n-हेप्टेन फ़ीड के साथ 400° C तापमान और 2g/g/hr के डब्ल्यू०एच०एस०वी० पर माइक्रोरिऍक्टर में मूल्यांकन किया गया। सह-टेम्पलेट और 30 के सिलिका-ऍल्यूमिना अनुपात वाले उत्प्रेरक की सक्रियता उच्चतर रही जबकि टेम्पलेट-विहीन उत्प्रेरक की सक्रियता बहुत तेज़ी से समाप्त हो गई, अर्थात् पाँच घंटों से कम की अवधि में 60% रूपांतरण से 20% तक।

एम्०आर०एल्० आर० ऍण्ड डी० सेंटर, मद्रास के ल्यूब देशक संयंत्र को ई०आई०एल० एवं एम०आर०एल० के इंजीनियरों के साथ संयुक्त रूप से चालू किया गया। मध्य-उदासीन आसुत एवं फ़रफ़्यूरल को विलायक के रूप में लेते हुए औद्योगिक यूनिट एवं देशक संयंत्र पर संपरीक्षण रन संचालित किए गए। संपरीक्षण रन प्रतिदर्शों का अभिलक्षणन कर लिया गया है।



FIG. 10
X-RAY DIFFRACTION PATTERNS OF THE HIGHER BOILING RANGE (350-375°C) SAMPLES (A) FRY (B) SATY (C) UAY

and the X-ray diffraction patterns of waxes (Fig.10) revealed an amorphous hump due to non-crystalline part and a reflection around 4.17°A due to cyrstalline n- paraffins. A procedure is suggested to measure the effectiveness of the pour point depressant additive.

- Studies of the response of flow improver additives on the cold flow properties of n-alkanes solution in different petroleum-related solvents indicated that aromatic solvents are more responsive towards additive action and the least in paraffinic solvents.
- Further related studies have been done :-

(a) To develop an alternate method for determining the pour point of dark coloured and transparent petroleum fluids.

(b) To investigate the effectiveness of various activators in the urea adduction of a gas oil fraction of Ankleshwar crude oil. N-methyl formamide was found to be a better activator than methanol.

(c) Wax appearance temperature (WAT) behaviour of three petroleum waxes in different solvent systems showed that this temperature (WAT) is strongly influenced by the concentration of the waxes and the nature/type of the solvent matrix. The results have been quantified in terms of monograph and mathematical polynomials.

LUBES & BITUMEN

Solvent Extraction of Raw Lube Feed Stocks with N-Methyl Pyrrolidone (NMP) and Other Solvents

Test run samples of Barauni phenol extraction unit were characterized. Comparative solvent extraction studies with phenol and NMP as solvents were carried out using test run composite feed on all glass packed extraction column. LLE studies were carried out for both the above systems resulting in generation of eighteen data points.

Studies confirmed advantages of NMP as solvent over phenol with respect to yield and better product quality, besides its being more energy-efficient and environment friendly. A joint presentation by EIL, IIP and MRL was made to IOC (R&P Division) about the group capabilities on this technology for possible replacement of phenol by NMP as solvent at Barauni Refinery.

Lube pilot plant at MRL R & D Centre, Madras was jointly commissioned with EIL and MRL engineers. Test runs were carried out with inter-neutral distillate and furfural as solvent on industrial unit and pilot plant. Test run samples have been characterized.

DR.HIMMAT SINGH
Area Leader
- Lubes & Bitumen
- Training

अधिशोषी पृथक्करण का प्रयोग करते हुए विशिष्टता तेलों का विकास

उपभोक्ता उद्योगों एवं दो अन्य आधार तेलों से प्राप्त दो औद्योगिक फीड स्टॉकों पर प्रायोगिक कार्य प्रारंभ किया गया ताकि अधिशोषी पृथक्करण का प्रयोग करते हुए औद्योगिक श्रेणी के श्वेत तेलों के उत्पादन की सुसंगतता स्थापित की जा सके। प्रायोगिक अन्वेषणों से पता चलता है कि इस अभिगम का प्रयोग करते हुए औद्योगिक श्रेणी के श्वेत तेलों का उत्पादन संभव है। (सारिणी-6)

तकनीकी प्रतिवेदन तैयार कर लिया गया है और इस प्रक्रम की तकनीकी-अर्थशास्त्रीय सुसंगतता का अध्ययन भी प्रारंभ कर लिया गया है।

कार्बन कज्जल फीड स्टॉक के लिए बॉम्बे हाई निर्वात गैस तेल का निष्कर्षण

इस परियोजना का उद्देश्य यह था कि उच्च ''ब्यूरो ऑफ माइन्स कोरिलेशन इन्डेक्स'' (बी०एम०सी०आई०) वाले कार्बन कज्जल फीड स्टॉक का एक अतिरिक्त स्रोत विकसित किया जा सके। बॉम्बे हाई पी०जी०ओ० का अभिलक्षणन किया गया और फ़रफ़्यूरल एवं N-मेथिल पिरॉलिडोन तथा जल को विलायक के रूप में प्रयोग कर द्विअंगी विलेयता वक्र निर्धारित किए गए। 100/75°C पर फ़रफ़्यूरल एवं 75/65°C पर एन्०एम्०पी० के साथ सर्व काँच निचित निष्कर्षण स्तंभ पर तीन विलायक-प्रति-फीड अनुपातों के अंतर्गत प्रायोगिक रन संचालित किए गए। इससे न्यूनतम 95 बी०एम्०सी०आई० मान वाले एक निष्कर्षित के उत्पादन की निष्कर्षण परिस्थितियों के आकलन का मार्ग प्रशस्त हुआ। निष्कर्षित की गुणता पर तापमान के प्रभाव की भी फ़रफ़्यूरल के साथ जाँच की गई। प्रारंभिक परिणामों से उच्च बी०एम्०सी०आई० फीड स्टॉक के उत्पादन की अच्छी शक्यता परिलक्षित होती है। आगे कार्य जारी है।

ल्यूब बेस स्टॉकों का अभिलक्षणन

इस परियोजना का उद्देश्य यह है कि ल्यूब बेस स्टॉकों के उपयुक्त गुणता निर्धारण एवं अभिज्ञान (आईडेंटिटी) के लिए उनके भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणों, ऑक्सीकरण प्रवृत्ति एवं रासायनिक संघटन का निर्धारण किया जाय। यह अध्ययन विशिष्ट सूत्रणों में प्रयोग होने की दशा में आधार तेलों, संभावित योज्य अनुक्रिया एवं निष्पादन की प्रागुक्ति में भी सहायक होगा। इस अध्ययन के लिए एच्०पी०सी०एल०, बंबई से चार प्रतिदर्शों की पहली घान फरवरी/मार्च 1993 में प्राप्त हुई थी।

आई०पी० 48 एवं आई०पी० 306 संपरीक्षण प्रक्रियाओं का प्रयोग करते हुए भौतिक-रासायनिक गुणधर्म एवं ऑक्सीकरण स्थायित्व पर अध्ययन पूरे कर लिए गए हैं। परियोजना पर और कार्य ज़ारी है।

एफ़०ओ०/एल०एस०एच०एस०/ एच०एस०डी० एवं मोगैस के संदर्भ में गुणधर्मों के आकलन के लिए संमिश्रण सहसंबंध

एक नामोद्दिष्ट परिष्करणी में अनुप्रयोगार्थ, अवशिष्ट ईंधन तेलों/एल०एस०एच०एस० एवं हल्के आसुतों, एच०एस०डी० एवं मोगैस के महत्वपूर्ण भौतिक-रासायनिक गुणधर्मों के आकलन के लिए सॉफ्टवेअर पैकेज आधार संमिश्रण सहसंबंध विकसित किए जा रहे हैं। साहित्य में प्रतिवेदित विभिन्न गुणधर्मों से संबंध वाले सहसंबंधों की एक बड़ी संख्या की श्यानता, प्रज्वलन-ताप एवं बहाव बिंदु जैसे गुणधर्मों हेतु उनके अनुप्रयोगों के लिए, छानबीन व उनका मूल्यांकन किया गया। तदुपरांत कुछ चुने हुए सहसंबंधों को नए स्थिरांक सम्मिलित कर समस्वरित (ट्यून) किया गया ताकि उन्हें विशिष्ट संमिश्रण संघटनों के प्रति अनुप्रयोज्य बनाया जा सके। प्राप्त परिणाम संतोषप्रद रहे। ईंधन तेल और

A SET UP FOR PITCH PREPARATION STUDIES



Table-6
YIELD AND QUALITY OF WHITE OIL FROM VARIOUS FEED STOCKS

	Quality of white oils				
	Spindle Oil	N505	LN(HVI)	IN(HVI)	Quality Requirements
Yield % wt	72.2	76.5	62.7	61.1	60-70
Kin. Viscosity cSt at 37.8°C	12.23	45.70	25.48	27.56	30 max (LG) 31-63 (MG)
Colour (Saybolt chromometer)	+30	+30	+30	+30	+25 min
UV absorbence at 275 um	0.113	0.206	-	-	0.3max

Development of Specialty Oils using Adsorptive Separation

Experimental work was carried out on two industrial feed stocks from user industry and two other base oils to establish feasibility of producing industrial grade white oils using adsorptive separation. Experimental investigations reveal that it is possible to make industrial grade white oils using this approach (Table-6).

Technical report has been prepared and technoeconomic feasibility study of the process is being initiated.

Extraction of Bombay High Vacuum Gas Oil for Carbon Black Feed Stock

The aim of the project was to develop an additional source of high Bureau of Mines Correlation Index (BMCI) carbon black feed stock. Bombay High VGO was characterized and binary solubility curves using furfural and N- methyl pyrrolidone plus water as solvents were determined. Experimental runs under three solvent to feed ratios with furfural at 100/75°C and NMP at 75/65°C were carried out on all-glass packed extraction column. This led to the estimation of extraction conditions to produce an extract of minimum 95 BMCI value. Effect of temperature on quality of the extract was also investigated with furfural. Initial results show good potential of producing high BMCI feed stock. Further work is in progress.

Characterization of Lube Base Stocks

The project aims at determining physico-chemical characteristics, oxidation tendency and chemical composition of lube base stocks for their proper quality assessment and identity. This study will be further useful in prediction of base oils, likely additive response and performance when used in specific formulations. First batch of four samples was received from HPCL, Bombay in Feb/March 1993 for this study.

Studies on physico-chemical properties and oxidation stability using IP 48 and IP 306 test procedures have been completed. Further work on the project is in progress.

Blending Correlations for the Estimation of Properties in respect of FO/LSHS/HSD and Mogas

Software package base blending correlations to estimate important physico-chemical properties of residual fuel oils/ LSHS and light distillates, HSD and Mogas are being developed for application in a designated refinery. A large number of correlations reported in literature pertaining to different properties were screened and evaluated for

एल०एस०एच०एस० के संबंध में सहसंबंधों (पी०आर०ओ०बी०एल०ई०एन० I) को अंतिम रूप देकर उन्हें एक अंतिम प्रतिवेदन में प्रस्तुत करने के पूर्व वास्तविक संमिश्रण अनुप्रयोगों के लिए ग्राहक को भेज दिया गया।

एच०एस०डी० एवं मोटर गैसोलीन के लिए संमिश्रण सहसंबंधों (पी०आर०ओ०बी०एल०ई०एन० II) पर सीटेन संख्या, डीज़ल सूचकांक, श्यानता, बहाव बिंदु, प्रज्वलन-ताप एवं ऑक्टेन संख्या जैसे गुण धर्मों, रीड वाष्पदाब एवं अन्यों के संदर्भ में कार्य चल रहा है।

परिष्करणी/पेट्रोरसायन प्रवाहों से पेट्रोलियम आधार इलेक्ट्रोड पिच का विकास

इस परियोजना का उद्देश्य यह है कि (अंतर्भरण प्रकार के) पेट्रोलियम आधार इलेक्ट्रोड पिचों का विकास किया जाय। अभी इनका ग्रैफाइट उद्योग में प्रयोगार्थ आयात किया जाता है।

इस उत्पाद को विकसित करने के उद्देश्य से, विभिन्न परिष्करणी एवं पेट्रोरसायन फीड स्टॉकों की छानबीन कर प्रायोगिक अध्ययनों के लिए उनके गुणधर्मों के आधार पर उनकी चुनी हुई लघु सूची तैयार की गई। गुजरात रिफाइनरी से प्राप्त स्वच्छ तेल प्रवाह को विलायक निष्कर्षित कर उससे बने आपरिवर्तित स्वच्छ तेल फीड स्टॉक एवं स्वच्छ तेल (पी०जी०-एम०आर०एल०) को उसी स्वरूप में परिष्करणी प्रवाहों के रूप में, गुणतापूर्ण अंतर्भरण पिच बनाने के लिए प्रयोगशाला में प्रायोगिक अध्ययनों के लिए, प्रयोग किया गया। इसके अतिरिक्त, पर्याप्त उच्च ऐरोमैटिकता (120 + बी०एम०सी०आई०) वाले पेट्रोरसायन प्रवाहों की भी संभावित फीड स्टॉकों के रूप में जाँच की गई ताकि मार्दव बिंदु (सॉफ्टेनिंग पॉइंट) एवं कोकन मान के अपेक्षित मानों को पूरा करने वाले अंतर्भरण पिच का निर्माण किया जा सके। संदर्भ पिच (A 240) के एफ०टी०-आई०आर० एवं एन०एम०आर० स्पेक्ट्रम चित्र-11 में दिखाए गए हैं।

दोनों प्रकार के फीड स्टॉकों के लिए प्रयोगशाला कार्यविधि का मानकीकरण किया गया और एक नए प्रक्रम का विकास किया गया ताकि पूर्व-प्रभाजन एवं अभिक्रियाशील आसवन चरणों वाला गुणतापूर्ण अंतर्भरण पिच बनाया जा सके। पेट्रोरसायन फीड स्टॉकों के (प्रत्येक फीड से लगभग 1/2 kg) से विरचित अंतर्भरण पिच का प्रायोजक की प्रयोगशाला (जी०आई०एल०, बंगलौर) में वास्तविक प्रचालनों में इसकी स्वीकार्यता हेतु मूल्यांकन किया गया। दोनों प्रतिदर्श स्वीकार्य पाए गए।

ELECTRODE PITCHES CATCHING FOREX



their applications for properties like viscosity, flash point and pour point. Some selected correlations were then tuned by introducing new constants so as to make them applicable to specific blend compositions. Results obtained were satisfactory. Correlations in respect of fuel oil and LSHS (PROBLEN I) were finalised and sent to the client for actual blending applications prior to their presentation in a final report.

Work on blending correlations for HSD and motor gasoline (PROBLEN II) in respect of properties like cetane number, diesel index, viscosity, pour point, flash point and octane number, Reid vapour pressure and others is in progress.

Development of Petroleum Base Electrode Pitch from Refinery/Petrochemical Streams

This project aims at developing petroleum base electrode pitches (impregnating type) currently being imported for use in graphite industry. With a view to develop this product, various refinery and petrochemical feed stocks were screened and short listed on the basis of their properties for experimental studies. Modified clarified oil feed stock, made after solvent extracting the clarified oil stream from Gujarat Refinery and clarified oil (PG-MRL) as such, were used as the refinery streams for experimental studies in the laboratory to make quality impregnating pitch. In addition, petrochemical streams of sufficiently high aromaticity (120+ BMCI) were also examined as possible feed stocks to make impregnating pitch meeting required values of softening point and coking value. FT-IR and NMR spectra of reference pitch (A 240) appear in Fig-11.

Laboratory procedure for both



FIG. 11 : ^{1}H NMR SPECTRUM OF PYROLYSIS TAR (PT)

दिए गए चित्र में इलेक्ट्रोडों के संविरचन के दौरान अंतर्भरण पिच की वास्तविक अवस्थिति और भा०पे०सं० में विकसित उत्पाद को दिखाया गया है। तुलनात्मक रूप में यह विकसित उत्पाद संदर्भ सामग्री से बहुत अच्छी तरह तुल्य है (सारिणी-7)। इस परियोजना पर आगे कार्य जारी है।

बॉम्बे हाई लघु-अवशिष्ट को मध्य-पूर्व क्रूड लघु-अवशिष्टों के साथ अधिमिश्रण में प्रयोग करते हुए कुट्टिम या फर्शी श्रेणी के बिटुमेन को बनाने की व्यवहार्यता

इस अध्ययन का उद्देश्य यह है कि बॉम्बे हाई लघु अवशिष्ट का एक ऐसा निरापद प्रतिशत निर्धारित कर लिया जाय जो तीन मध्यपूर्व के लघु-अवशिष्टों के साथ बिटुमेन गुणता में बिना किसी हानि के संमिश्रित किया जा सके।

बॉम्बे हाई एवं दुबई लघु अवशिष्टों का अभिलक्षणन किया गया। उपयुक्त संमिश्र का फीड स्टॉक के रूप में अभिज्ञान करने के लिए 10-35% बॉम्बे हाई लघु-अवशिष्ट अंश वाले संमिश्रों का विरचन किया गया एवं महत्वपूर्ण अभिलक्षणों का निर्धारण किया गया। मोम अंश एवं वेधन आदि के आधार पर 10 एवं 15% बॉम्बे हाई लघु अवशिष्ट (बी०एच०एस०आर०) अंश वाले संमिश्र वायु धमन के लिए उपयुक्त पाए गए। 10% बी०एच०एस०आर० अंश वाले दुबई लघु अवशिष्ट को 80/100 एवं 60/70 श्रेणी बिटुमेनों का विरचन करने के लिए 250 एवं 270°C पर वायु-धमनित किया गया। उत्पादों के महत्वपूर्ण अभिलक्षणों जैसे मार्दव बिन्दु, वेधन, वेधन अनुपात, तन्यता, बेलनी तनु फिल्म अवन संपरीक्षण एवं शुद्धगतिक श्यानता से यह प्रकट होता है कि 10% बी०एच०एस०आर० से विरचित बिटुमेन दोनों श्रेणियों की सभी अपेक्षाओं को पूरा करता है (चित्र-12)। 15% बी०एच०एस०आर० संमिश्र के साथ और कार्य चल रहा है।



Brief Observation - Ductility and Pene. Value decreases with increasing %age of BHSR

FIG. 12 : VARIATION IN BLEND PROPERTIES WITH INCREASING %AGE OF BHSR

Table-7
COMPARISON OF PITCH SAMPLES

Identity No.	Specifications	P1*	P2*	P33**	
				IIP	GIL
Characteristics					
I. Physico-chemical					
- Softening point °C	120-127	115	112	126	125
- Coking value	50	51.38	54.7	50.34	50.67
- QI % wt	0-0.3	0.07	0.08	< 0.1	0.1
II. ^{1}H NMR Parameters					
- H_{ar}	-	50.2	55.47	51.45	-
- H_{ar} (di)	-	36.4	39.95	39.83	-
- H	-	10.7	10.43	14.11	-

* Reference pitches

** Pitch prepared at IIP

types of feed stocks was standardized and a new process developed to make quality impregnating pitch involving prefractionation and reactive distillation steps. The impregnating pitch samples, prepared from petrochemical feed stocks (around 1/2 kg from each feed) were evaluated at the sponsor's lab for their acceptance in actual operations. Both the samples were found to be acceptable.
The photograph shows the actual location of the impregnating pitch during fabrication of electrodes and the product developed at IIP. In comparative terms the product developed compares very well with the reference material (Table-7). Further work on the project is in progress.

Feasibility of Making Paving Grade Bitumen Using Bombay High Short Residue in Admixture with Middle East Crude Short Residues

The study aims at determining the safe percentage of Bombay



ELECTRODE PRODUCTION — FLOW CHART

उपयुक्त अभिवाहों (फ्लक्सों) के साथ संयोग करते हुए पी०डी० ऍस्फाल्टिकों से बिटुमेन बनाने की व्यवहार्यता

इस परियोजना का उद्देश्य यह है कि विशिष्ट परिष्करणी अभिवाहों जैसे ल्यूब निष्कर्षितों से संयोग करते हुए प्रोपेन विऍस्फाल्टीकृत तलावशेषों (ऍस्फाल्टिक्स) से गुणतापूर्ण बिटुमेन बनाए जाएँ। फीड स्टॉकों, प्रोपेन विऍस्फाल्टीय तलावशेषों एवं तीन अभिवाहों के साथ ही दो ल्यूब निष्कर्षितों का उनके महत्वपूर्ण भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणों हेतु अभिलक्षणन कर लिया गया है। परियोजना के प्लान के अनुसार और आगे कार्य चल रहा है।

अंतर-प्रयोगशाला सहसंबंध कार्यक्रम

त्रिपक्षीय समझौते के अंतर्गत एक अंतर-प्रयोगशाला सहसंबंध कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें तीन अनुसंधान प्रयोगशालाएँ यथा आई०ओ०सी० (आर० ऍण्ड डी० सेंटर), सी०आर०आर०आई० एवं भा०पे०सं० और साथ ही बिटुमेन का उत्पादन करने वाली चार परिष्करणियाँ हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि विभिन्न प्रयोगशालाओं के मध्य परिणामों की पुनरुत्पाद्यता का निर्धारण किया जाय ताकि उत्पाद गुणता में परिवर्तन या विविधता को न्यूनतम किया जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत चार बिटुमेन प्रतिदर्शों का पूर्ण अभिलक्षणन कर परिणामों को आई०ओ०सी० आर० ऍण्ड डी० सेंटर को तुलना करने हेतु प्रस्तुत कर दिया गया।

High short residue which can be blended with three middle east short residues without loss in bitumen quality.

Bombay High and Dubai short residues were characterized. In order to identify the proper blend as feed stock, blends containing 10-35% Bombay High short residue were prepared and important characteristics determined. Based on wax content and penetration etc. blends containing 10 and 15% Bombay High short residue (BHSR) were found suitable for air blowing. Dubai short residue, containing 10% BHSR, was air blown at 250 and 270°C to prepare 80/100 and 60/70 grade bitumens. Important characteristics of the products like softening point, penetration, penetration ratio, ductility, rolling thin film oven test and kinematic viscosity showed that bitumen prepared from 10% BHSR meets all the requirements of both the grades (Fig.12). Further work with 15% BHSR blend is in progress.

Feasibility of Making Bitumen from PD Asphaltics in Combination with Suitable Fluxes

The project aims at making quality bitumens from propane deasphalted bottoms (asphaltics) in combination with specific refinery fluxes such as lube extracts. The feed stocks, propane deasphaltic bottoms and three fluxes including two lube extracts have been characterized for their important physico-chemical characteristics. Further work as per plan of the project is in progress.

Inter-Laboratory Correlation Programme

An inter-laboratory correlation programme under tripartite agreement was launched involving three research laboratories viz. IOC (R&D Centre), CRRI and IIP and four refineries manufacturing bitumen to assess reproducibility of results among different laboratories so as to minimize variation in product quality. Under this programme four bitumen samples were fully characterized and results submitted to IOC R&D Centre for comparison.

रासायन विज्ञानावली

54

1.2

I. संश्लेषण एवं अनुप्रयुक्त रसायन विज्ञान

ब्यूटिलित फ़ीनॉल-आधारित उच्च तापमान प्रति-ऑक्सीकारकों का विकास

मेथिल हाइड्रॉक्सीहाइड्रोसिनामेट (एम०एच०एच०सी०), ऑक्टाडेसिल हाइड्रॉक्सीहाइड्रोसिनामेट (ओ०डी०बी०एच०सी०) एवं पेंटाएरिथ्रिटिल हाइड्रॉक्सीहाइड्रोसिनामेट (पी०डी०बी०एच०सी०) के प्रयोगशाला अध्ययन एवं साथ ही प्रकाय विरचन (बल्क प्रिपरेशन) पूरे किए गए। मौलिक इंजीनियरी अभिकल्प एवं प्रक्रम पुस्तकें तैयार की गईं। इन उत्पादों के लिए प्रौद्योगिकियों के साथ ही प्रायोजक को प्रक्रम पुस्तकों का हस्तांतरण संतोषप्रद निदर्शन के बाद कर दिया गया। पी०डी०बी०एच०सी० के स्लॉप से एम०एच०एच०सी० की पुन:प्राप्ति का निदर्शन भी किया गया। पी०डी०बी०एच०सी० एवं ओ०डी०बी०एच०सी० की भारी मात्राएँ (5 किग्रा प्रति) प्रायोजक को व्यापारिक स्वीकृति के लिए सौंप दी गईं।

मध्य आसुत प्रवाह उन्नायक का विकास

विभिन्न योज्यों के सहित या उनसे रहित अंशत: बद्धवत् (जमे हुए) मध्य आसुत ईंधनों में n- ऐल्केनों के वितरण का अध्ययन जी०सी० द्वारा चार व्यापारिक डीज़ल प्रतिदर्शों पर किया गया। व्यापारिक डीज़ल ईंधनों और कंकत-प्रकार के (कूम-टाइप) प्रवाह-उन्नायक योज्यों में n- ऐल्केनों के मध्य अन्योन्यक्रिया का अध्ययन किया गया है ताकि इस अन्योन्यक्रिया की प्रकृति को समझा जा सके। एक ग्रीष्म श्रेणी के डीज़ल ईंधन के n-ऐल्केन्स की कार्बन संख्या परास C_9 - C_{33} से पारस्परिक अन्योन्यक्रिया को पुनर्मूल्यांकित किया गया है। ऐसा करते समय घन विलयनादि, गलन क्रांतिक प्रणालियों, द्वि-अंगी संयोगों एवं विलेयता प्राचल जैसी परिघटनाओं का अध्ययन किया गया ताकि डीज़ल ईंधनों के अभ्र बिंदु और मोम परिक्षेपण सूचकांक से संबंधित मूलभूत सूचना प्राप्त की जा सके।

ग्रीष्म-श्रेणी के व्यापारिक डीज़ल ईंधनों की एक परास के साथ संतोषप्रद निष्पादन देने वाला एक प्रारूपिक प्रवाह उन्नायक योज्य स्थूल/भारी मात्रा में विस्तृत मूल्यांकन के लिए विरचित किया जा रहा है।

उन्नत इंजन निष्पादन के लिए घर्षण और अपघर्षण अपचायकों पर अध्ययन

विरचित लॉरिल-, बेंज़िल-, ऑक्टाडेसिल- एवं डाइपेंटाडेसिल फेनिल थायोफ़ॉस्फोरो थायोमॉलिब्डेटों के घर्षणापघर्षणशास्त्रीय (ट्राइबॉलॉजिकल) गुणधर्मों यथा घर्षण और अपघर्षण का निर्धारण चतुष्कंदुक अपघर्षण संपरीक्षित्र एवं एस०आर०वी० द्वारा किया गया। सारिणी-8 में दिए गए परिणामों के सारांश से यह निष्कर्ष निकलता है कि पेंटाडेसिल फीनॉल थायोफॉस्फो मॉलिब्डेटों और फ़ॉस्फ़ोसल्फरीकृत लॉरिल ऑलीएट में अत्युत्तम घर्षण व अपघर्षण अभिलक्षण दीख पड़ते हैं। इसके बाद टेट्रा डेसिल और ऑक्टाडेसिल ऑलीएट आते हैं।

तेल विलेय उत्सर्जन नियंत्रण योज्य और दहन उन्नायक

साहित्य सर्वेक्षण पूरा कर समीक्षात्मक मूल्यांकन कर लिया गया है। इस के प्रयत्न जारी हैं कि ज़िरकोनियम और वसीय अम्लों के सीरियम लवणों के विरचन प्राचलों को स्थापित कर लिया जाये।



Chemical Sciences

1.2

I. SYNTHESIS AND APPLIED CHEMISTRY

Development of Butylated Phenol Based High Temperature Antioxidants

Laboratory studies, including bulk preparation, of methyl hydroxyhydrocinnamate (MHHC), octadecyl hydroxyhydro- cinnamate (ODBHC) and pentaerythrityl hydroxyhydrocinnamate (PDBHC) were completed. Basic engineering design and process books were prepared. Technologies for these products along with the process books were transferred to the sponsor after satisfactory demonstration. Demonstration for the recovery of MHHC from the slop of PDBHC was also made. Bulk quantities (5 kg each) of PDBHC and ODBHC were handed over to the sponsor for commercial acceptance.

Development of a Middle Distillate Flow Improver

Distribution of n-alkanes in partially frozen middle distillate fuels with and without various additives was studied by GC on four commercial diesel samples. The interaction between n-alkanes in commercial diesel fuels and comb-type flow-improver additives has been studied in order to understand the nature of the interaction. Mutual interaction of n-alkanes of a summer grade diesel fuel with carbon number range C_9-C_{33} has been re-evaluated. In doing so, phenomena such as solid solutions, eutectic systems, binary combinations and solubility parameter were studied with a view to getting basic information concerning cloud point and wax dispersion index of diesel fuels.

A typical flow improver additive giving satisfactory performance with a range of summer-grade commercial diesel fuels is being prepared in bulk for extensive evaluation.

Studies on Friction and Wear Reducers for Improved Engine Performance

The tribological properties like friction and wear of lauryl-, benzyl-, octadecyl and dipentadecyl phenyl-thiophosphoro thiomolybdates prepared were determined by four ball wear tester and SRV. From the results summarised in Table-8, it could be concluded that pentadecyl phenol thiophospho molybdates and phosphosulphurised lauryl oleate show excellent friction and wear characteristics. This is followed by tetra decyl and octadecyl oleate.

Oil Soluble Emission Control Additives and Combustion Improvers

The literature survey leading to critical appraisal report has been completed. Efforts are underway for establishing preparation parameter of zirconium and cerium salts of fatty acids.





A UNIT FOR PREPARATION OF HIGH TEMPERATURE ANTI-OXIDANT



HYDROGENATION OF POLY ALPHA—OLEFIN

Table - 8

PERFORMANCE EVALUATION OF SOME FRICTION & WEAR REDUCERS SYNTHESISED

COMPOUNDS	ON SRV Tester		
	BSD (mm)	WSD (mm)	Cofficient of friction u
3- Pentadecyl phenol $C_{15}H_{31}C_6H_4OH$	1.19	26.0	0.115/0.1
Pentadecylphenyl thiophosphate $[(C_{15}H_{31}C_6H_4O)_2PS_2]$	0.51	1.6	0.087/0.09
Pentadecyl phenyl thiophospho-molybdate $[(C_{15}H_{31}C_6H_4O)_2PS_2]_8MO_2O_4$	0.40	0.50	0.047/0.065
Pentadecyl phenyl thiophospho-molybdate $[(C_{15}H_{31}C_6H_4O)_2PS_2]_4[(C_{15}H_{31}C_6H_4O)_2PSO]_4Mo_2S_2$	0.70	8.00	0.085/0.125
Lauryl alcohol $C_{12}H_{25}OH$	0.60	-	0.09/0.15
Lauryl thiophosphomolybdate $[(C_{12}H_{25}O)_2PS_2]_8Mo_2O_4$	0.59	0.70	0.09/.095
Cetyl alcohol $C1_6H_{33}OH$	0.84	14.5	0.85/0.105
Cetyl thiophosphomolybdate $[(C_{16}H_{33}O)_2PS_2]_8Mo_2O_4$	0.56	-	0.1/0.135
Lauryl thiophosphothiomolybdate $[(C_{12}H_{25}S)_2PS_2]_8Mo_2O_4$	0.45	0.40	0.85/.085
Lauryl oleate thiophosphate $CH_3(CH_2)_6CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH(CH_2)_6CO_2C_{12}H_{25}$ P_2S_4	0.46	0.50	.82/.085
Lauryl oleate thiophosphomolybdate $CH_3(CH_2)_6\text{-}CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH(CH_2)_6CO_2C_{12}H_{25}$ $P_2S_4MoO_2$	0.50	0.80	0.065/0.075
Lauryl oleate dithiophosphate $CH_3(CH_2)_5\text{-}CH\text{-}CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH\text{-}CH\text{-}(CH_2)_5CO_2C_{12}H_{25}$ P_4S_8	0.50	0.55	0.09
Lauryl oleate dithiophosphodimolybdate $CH_3(CH_2)_5\text{-}CH\text{-}CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH\text{-}CH(CH_2)_5CO_2C_{12}H_{25}$ $P_4S_8Mo_2O_3$	0.45	0.50	0.085/.085
Cetyl oleate dithiophosphate $CH_3(CH_2)_5\text{-}CH\text{-}CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH\text{-}CH(CH_2)_5CO_2C_{16}H_{33}$ P_4S_8	0.53	-	0.09/.09
Cetyl oleate dithiophosphodimolybdate $CH_3(CH_2)_5\text{-}CH\text{-}CH\text{-}CH{=}CH\text{-}CH\text{-}CH\text{-}(CH_2)_5CO_2C_{16}H_{-33}$ $P_4S_8Mo_2O_3$	0.40	-	0.085/0.085

परिवर्द्धित स्नेहक आयु के लिए बहुप्रकार्यात्मक फ़ॉस्फ़ोरस गंधक परिक्षेपक, प्रति-ऑस्कीकारक एवं स्नेहकता योज्य

विस्तृत परियोजना मूल्यांकन प्रतिवेदन के लिए साहित्य सर्वेक्षण किया जा रहा है।

पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए ईंधन गैसों का विगंधकन

हाइड्रोजन सल्फ़ाइड प्राकृतिक, परिष्करणी और कई अन्य औद्योगिक गैसों में मुख्य प्रदूषक के रूप में कुछ भाग प्रति मिलियन (पी पी एम) से लेकर कई प्रतिशत तक भिन्न-भिन्न सांद्रणों में मौजूद रहती है। पर्यावरणीय आवश्यकताओं के कारण इसका निष्कासन आवश्यकीय हो जाता है और ऑक्सीकरण कर तात्विक गंधक बनाने को बहुत अधिक पसंद किया जाता है क्योंकि इससे वह मूल्यवान तात्विक गंधक प्राप्त होती है जो देश में पूर्णतया आयातित हो रही है।

एक संक्रमण धातु के 50-5000 भाग-प्रति मिलियन अंश वाला धातु कुलीर संघटन विकसित कर बेंच-स्केल काँच स्तंभ (अवशोषित्र) में प्रयोग किया गया। इस स्तंभ को, एक कृश (300 पी०पी०एम० H_2S/N_2) एवं एक सु-सांद्रित (10% H_2S/N_2) प्रवाह के, तात्विक गंधक के रूप में ऑक्सीकरण हेतु संविरचित किया गया था। 100% विगंधकन अनुपात प्राप्त कर लिया गया है। सक्रिय उत्प्रेरक विलयन का पुनर्जनन भी, प्रयुक्त उत्प्रेरक को एक अवशोषित्र जैसे स्तंभ (ऑक्सीकारक) में ऑक्सीजनीकृत कर, संपादित कर दिया गया है। ऑक्सीकरण और पुनर्जनन को परिवेश/किंचित् भिन्न तापमानों पर, बहुत सावधानीपूर्वक नियंत्रित pH परिस्थितियों के अंतर्गत संपादित किया गया है। इस प्रक्रम के दौरान किसी भी निश्चित क्षण पर ऑक्सीकृत/अपचयित धातु अनुपातों को प्राप्त करने के लिए रेडॉक्स शक्यता मापनावली का भी प्रयोग किया गया। इस प्रकार आगे के अध्ययनार्थ संविरचित यूनिट की उपयुक्तता का निदर्शन किया गया है। इन अध्ययनों पर एक प्रतिवेदन प्रायोजक को प्रस्तुत कर दिया गया है।

ONE STEP OXIDATION OF CYCLOHEXANE TO ADIPIC ACID

प्रकाय मध्यक प्रक्रम विकास

साइक्लोहेक्ज़ेन का ऍडिपिक अम्ल में एकल-चरण ऑक्सीकरण

साइक्लोहेक्ज़ेन के ऑक्सीकरण से ऍडिपिक अम्ल बनाने की प्रक्रम परिस्थितियों में महत्वपूर्ण परिवर्तनों एवं सामग्री संतुलन पर अध्ययन संचालित किए गए। इष्टतमीकृत परिस्थितियों के अंतर्गत किए गए अभिप्रयोगों से संकेत मिलता है कि पुन:प्राप्त उत्पाद लब्धि में परिवर्तन + 1% रहा।

ऑक्सीकारक के रूप में ऑक्सीजन के स्थान पर वायु के प्रयोग के परिणामस्वरूप साइक्लोहेक्ज़ेन रूपांतरण के साथ-साथ ऍडिपिक अम्ल की लब्धि भी कम हो गई। विलायकमुक्त कार्बनिक उत्पाद से उत्प्रेरक के पृथक्करण के लिए एक अति दक्ष विलायक का अभिज्ञान कर लिया गया है। इस विलायक में उत्प्रेरक की विलेयता पारंपरिक विलायकों की तुलना में आधी के लगभग है।

साइक्लोहेक्ज़ेन ऑक्सीकरण उत्पादों के जी०सी० विश्लेषण के लिए अपेक्षित यौगिकों का संश्लेषण किया गया।

ऍडिपिक अम्ल प्रक्रम विकास से संबंधित फीड, विभिन्न रसायनों एवं विलायकों के भौतिक गुणधर्मों, ऊष्मागतिक एवं परिवहन गुणधर्मों पर आँकड़े संकलित/आकलित किए गए और प्रायोजक को हस्तगत कर दिए गए।

Multifunctional Phosphorus Sulphur Dispersants, Antioxidants and Lubricity Additives for Enhanced Lubricant Life

The literature survey is being done for detailed project appraisal report.

Desulphurisation of Fuel Gases to Check Environment Pollution

Hydrogen sulphide is present in natural, refinery and various other industrial gases as a chief pollutant in varying concentrations ranging from a few parts per million (ppm) to several percent. Its removal is necessitated by environmental considerations and oxidation to elemental sulphur is highly favoured as it provides valuable elemental sulphur that is totally imported in the country.

Metal chelate compositions containing 50-5000 ppm of a transition metal have been developed and used in a bench-scale glass column (absorber) fabricated for the oxidation of a lean (300 ppm H_2S/N_2) and a fairly concentrated (10% H_2S/ N_2) stream to elemental sulphur. 100% desulphurization ratio has been achieved. Regeneration of the active catalyst solution has been carried out by oxygenation of the used catalyst in a column (oxidizer) similar to the absorber. The oxidation and the regeneration have been carried out at ambient/ slightly different temperatures under carefully controlled pH conditions. Redox potential measurements were made use of for obtaining the oxidized/ reduced metal ratios at any given instance during the process. Thus the suitability of the fabricated unit for further studies has been demonstrated. A report on these studies has been submitted to the sponsor.

BULK INTERMEDIATE PROCESS DEVELOPMENT

One-Step Oxidation of Cyclohexane to Adipic Acid

Studies were carried out on material balance and important variations in the process conditions of cyclohexane oxidation to adipic acid. Trials under optimized conditions indicated that the variation in the recovered product yield was $\pm$1%.

Use of air instead of oxygen as oxidant resulted in lowering of cyclohexane conversion as well as adipic acid yield. A highly efficient solvent for separation of the catalyst from solvent-free organic product has been identified. Solubility of the catalyst in this solvent is about half of that in the conventional solvents.

Compounds required as standards for GC analysis of cyclohexane oxidation products were synthesised.

Data on physical properties, thermodynamic and transport properties of feed, various chemicals and solvents connected with adipic acid process development were collected/ estimated and handed over to the sponsor.

SALIENT FEATURES OF ONE-STEP PROCESS

FEATURES	ONE STEP	TWO STEP
Oxidant	Air	Air, HNO_3
CH Conversion	80-90	<5
AA Selectivity	75	75
Hydroperoxides	Low	Substantial
Ketones/Alcohols	Low	Isolable
Caprolactone	Not Detected	Formed
Reaction Temp °C	90-110	150-180, 60-80
Mechanism	Electron Transfer	Free Radical/ Ionic

G.N. KULSRESTHA
Area Leader
● Bulk Intermediate Process Development

ज़ाइलीन से आइसोफ़्थैलिक अम्ल

इस विषय पर साहित्य-सर्वेक्षण किया गया है। ज़ाइलीन ऑक्सीकरण पर किए गए प्रारंभिक प्रयोगों से लगभग 50% अपरिष्कृत आइसोफ़्थैलिक अम्ल की लब्धि हुई है। शुद्ध आइसोफ़्थैलिक अम्ल को क्रिस्टलन द्वारा, एक मानक के रूप में प्रयोगार्थ प्राप्त किया गया।

प्रक्रम एवं अभिक्रिया इंजीनियरी

बहुप्रावस्था रिऍक्टरों का प्रतिरूपण और अनुकरण

कार्बनिक यौगिकों के भौतिक, ऊष्मागतिक और परिवहन गुणधर्मों और तापमान के साथ उनके परिवर्तन के आकलन के लिए "C" भाषा में एक उपभोक्ता-स्नेही अभिकलित्र सॉफ़्टवेअर विकसित किया गया। यह सॉफ़्टवेअर आनुभविक सहसंबंधों और सामूहिक योगदान तकनीकों पर आधारित है। इस सॉफ़्टवेअर में 500 कार्बनिक यौगिकों के लिए एक उपभोक्ता-स्नेही डेटा बैंक भी है। गैस-द्रव ऑक्सीकरण अभिक्रियाओं के अनुकरण के लिए प्रतिरूप विकसित किए गए।

सल्फ़ोलेन के उत्पादनार्थ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

भा०पे०सं० सल्फ़ोलेन प्रक्रम के लिए, प्रायोजक को प्रौद्योगिकी पूर्तिकर उपलब्ध किया गया। सल्फ़ोलेन के एक प्रकाय प्रतिदर्श का विरचन करने के लिए प्रायोजक के स्थल पर प्रयोगशाला स्केल यूनिट का पुनर्प्रतिष्ठापन किया गया।

NIMBLE HANDS TAKE CARE OF JOJOBA OIL DERIVATIVES

नवीकरणयोग्य संसाधन

वनस्पति तेलों का औद्योगिक ऑक्सीकरण कर लघु-श्रृंखला मोनो एवं डाइकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल बनाना

लघु श्रृंखला मोनो एवं डाइकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल औद्योगिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण कच्चे माल हैं। लघु-श्रृंखला डाइकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल जैसे ऐज़ेलेइक एवं सिबेसिक अम्ल संश्लेषित रबरों एवं स्नेहकों के लिए महत्वपूर्ण प्लास्टिककारी और आरंभिक सामग्री हैं। ब्रैसिलिक अम्ल, जोकि एक C_{13} डाइकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल है, पॉली एमाइडों, पॉलीएस्टरों, पीवीसी के लिए प्लास्टिककारियों एवं स्नेहकों के लिए एक महत्वपूर्ण आरंभिक सामग्री है। इसका 6, 13 एवं 13, 13 नाइलॉन के विरचन के लिए बहुतायत से प्रयोग होता है। पेलार्गोनिक अम्ल, जो कि एक C_9 मोनोकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल है, ब्रैसिलिक अम्ल के बाद सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक कच्चा माल है। यह महंगे लॉरिक अम्ल के एक महत्वपूर्ण प्रतिस्थापी के रूप में अनुप्रयुक्त होता है।

वनस्पति तेल इन कच्चे मालों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इसलिए, इन लघु-श्रृंखला अम्लों का, वनस्पति तेलों से प्राप्त दीर्घ-श्रृंखला मोनोअसंतृप्त वसीय अम्लों के द्वि-आबंध ऑक्सीकरण के द्वारा विरचन करने के लिए अध्ययन हाथ में लिए गए हैं। वसीय अम्लों, वसीय एस्टरों और ओलेफिनों का ऑक्सीकरण कर लघु-श्रृंखला वसीय अम्ल बनाने पर एक सम्यक् साहित्य समीक्षा कर ली गई है और वनस्पति तेलों का औद्योगिक ऑक्सीकरण कर लघु-श्रृंखला मोनो एवं डाइकार्ब-ऑक्सिलिक अम्ल बनाने पर एक अद्यतन-कलावस्था प्रतिवेदन तैयार कर लिया गया है। इन अध्ययनों के लिए प्रयुक्त होने वाले अखाद्य वनस्पति तेल और साथ ही शक्य ऑक्सीकरण कारक भी अभिज्ञात कर लिए गए हैं। एक प्रावस्था अंतरण उत्प्रेरक बेंज़िल ट्राइएथिल ब्रोमाइड की उपस्थिति में $K\,Mn\,O_4$ का प्रयोग करते हुए जोजोबा (होहोबा) तेल का ऑक्सीकरण प्रारंभ कर दिया गया है।

असंतृप्त वसीय ऍल्कोहॉलों के लिए वनस्पति तेलों का उत्प्रेरकी हाइड्रोजनांशन

दीर्घ-श्रृंखला वसीय ऍल्कोहॉलों और अम्लों (C_{18} - C_{24}) को प्राप्त करने के लिए जोजोबा (होहोबा) तेल का उत्प्रेरकी

Isophthalic Acid from Xylene

Literature survey on this subject has been carried out. Preliminary experiments on xylene oxidation gave a yield of about 50% crude isophthalic acid. Pure isophthalic acid was obtained by crystallization for use as a standard.

PROCESS AND REACTION ENGINEERING

Modelling and Simulation of Multiphase Reactors

A user-friendly computer software in 'C' language for estimation of physical, thermodynamic and transport properties of organic compounds and their variation with temperature was developed. The software is based on empirical correlations and group contribution techniques. The software also contains a user friendly data bank for 500 organic compounds. Models for simulation of gas-liquid oxidation reactions were developed.

Technology Transfer for Production of Sulpholane

Technology backup for IIP sulpholane process was provided to the sponsor. Laboratory scale unit was re- installed at the site of the sponsor for preparing a bulk sample of sulpholane.

RENEWABLE RESOURCES

Industrial Oxidation of Vegetable Oils to Short Chain Mono - and Dicarboxylic Acids

Short chain mono-and dicarboxylic acids are industrially important raw materials. Short chain dicarboxylic acids like azelaic and sebacic acids are important plasticizers and starting material for synthetic rubbers and lubricants. Brassylic acid, a C_{13} dicarboxylic acid, is an important starting material for polyamides, polyesters, plasticizers for PVC and lubricants. This is widely used to prepare 6,13 and 13,13 nylon. Pelargonic acid, a C_9 monocarboxylic acid, is the most important industrial raw material after brassylic acid. It finds application as an important substitute for expensive lauric acid.

Vegetable oils are a good source of these raw materials. Studies, therefore, have been taken up for preparing these short chain acids by the double bond oxidation of long chain monounsaturated fatty acids from vegetable oils.

A thorough literature review on the oxidation of fatty acids, fatty esters and olefins to short chain fatty acids has been carried out and a state of the art report on industrial oxidation of vegetable oils to short chain mono and dicarboxylic acids has been prepared. The non-edible vegetable oils to be used for these studies as well potential oxidising agents have been identified. Oxidation of jojoba oil using $KMnO_4$ in the presence of a phase transfer catalyst benzyl triethyl bromide has been initiated.

Catalytic Hydrogenolysis of Vegetable Oils for Unsaturated Fatty Alcohols

For obtaining long chain fatty alcohols and acids (C_{18}- C_{24}), catalytic hydrogenolysis of jojoba oil was carried out using a commercial zinc chromite based catalyst. Characterization of the reaction products confirmed the formation of unsaturated alcohols.

The conversion achieved so far is 76.5%. Studies on the optimization of reaction conditions are in progress. The reaction mixture was separated by column chromatography using silica gel as the absorbent. The products were characterized by physico-chemical properties and spectral analysis.

DR. A.K. GUPTA
Area Leader
● Process & Reaction Engineering

DR. V.K. BHATIA
Area Leader
● Renewable Resources

हाइड्रोजनांशन, एक व्यापारिक ज़िंक क्रोमाइट-आधारित उत्प्रेरक का उपयोग करते हुए किया गया। अभिक्रिया उत्पादों के अभिलक्षणन से असंतृप्त ऍल्कोहॉलों का संभावन पुष्ट हुआ। अब तक प्राप्त रूपांतरण 76.5% है। अभिक्रिया परिस्थितियों के इष्टतमीकरण पर अध्ययन प्रगति में हैं।

सिलिका जेल् को अवशोषी के रूप में प्रयोग करते हुए स्तंभ वर्णलेखिकी द्वारा अभिक्रिया मिश्रण का पृथक्करण किया गया। उत्पादों का अभिलक्षणन भौतिक-रासायनिक गुणधर्मों और मानावलीय विश्लेषण द्वारा किया गया।

जोजोबा (होहोबा) तेल के तुल्यरूपों और एस्टोलाइडों का संश्लेषण

जोजोबा (होहोबा) तेल के बहाव बिंदु (+9°C) में सुधार करने के लिए समुचित मोनोअसंतृप्त अम्ल/ऍल्कोहॉल का प्रयोग करते हुए एस्टोलाइडों का संश्लेषण किया गया। संश्लेषित दो एस्टोलाइडों का बहाव बिंदु -15 एवं 6°C है।

वनस्पति तेल, एक महंगे उपोत्पाद ग्लिसरॉल के समक्षणिक विमोचन के साथ जोजोबा (होहोबा) तुल्यरूपों के संश्लेषण के शक्य स्रोत सिद्ध हो सकते हैं। वनस्पति तेलों VO -1 एवं VO-2 को लेते हुए समुचित ऍल्कोहॉल का प्रयोग कर जोजोबा (होहोबा) तुल्यरूपों का संश्लेषण किया गया।

एस्टोलाइडों और तुल्यरूपों के भौतिक-रासायनिक गुणधर्म क्रमशः सारिणी-9 व सारिणी-10 में प्रस्तुत किए गए हैं।



Table-9
PHYSICO-CHEMICAL PROPERTIES OF JOJOBA ESTOLIDES

Properties	JO	JOE (Acid Based)	JOE (Alcohol Based)
Pour point °C	9	-15	6
Acid val. mg/KOH/g	1.10	0.20	0.09
Kinematic viscosity cSt			
40°C	24.92	6.59	13.98
100°C	6.43	1.91	4.22
Viscosity index	233	88	265

Synthesis of Estolides and Analogues of Jojoba Oil

Estolides were synthesised to improve pour point (+9°C) of jojoba oil using appropriate monounsaturated acid/ alcohol. The two estolides synthesised have pour point of -15 and 6°C.

Vegetable oils can be a potential source of synthesising jojoba analogues with simultaneous liberation of a costly by- product glycerol. Using vegetable oils V O-1 and V O -2, jojoba analogues were synthesised using appropriate alcohol.

The physico-chemical properties of estolides and analogues are presented in Tables-9 and 10 respectively.

Table-10
PHYSICO CHEMICAL PROPERTIES OF METHYL ESTERS AND JOJOBA ANALOGUES

Properties	(V O-1)	(V O-1) Methyl Ester	(J O) Analogue based on (V O-1)	Jojoba oil	(V O-2)	(V O-2) Methyl ester	(J O) Analogue based on (V O-2)
Pour point °C	-9	-12	3	9	6	12	6
Kinematic viscosity cSt							
40°C	36.76	5.15	22.47	24.92	47.85	21.78	18.73
100°C	8.30	1.80	5.61	6.43	9.38	4.95	5.51
Viscosity index	164	287	206	233	160	155	266
Acid val, mg/ KOH/g	6.91	1.26	1.10	1.10	8.57	7.60	0.70
Iodine value g/100g	111.73*	-	88.9	82.63	88.87*	-	84.6

*Literature Value

पेट्रोलियम उत्पाद अनुप्रयोग

1.3

इंजन अनुसंधान एवं संपरीक्षण

मौलिक अध्ययन

इंजन चक्र प्रक्रम का प्रतिरूपण

दो-स्ट्रोकी इंजन के चक्र के लिए एक ऊष्मा-तरल प्रतिरूप का विकास कर प्रायोगिक दाब समय वृत्तों के द्वारा उसका मान्यकरण किया गया। प्रतिरूप की सूक्ष्मग्राहिता स्थापित करने के लिए एक प्राचलिक अध्ययन संचालित किया गया। यह प्रतिरूप एक ऊष्मागतिक प्रतिरूप है जो कि दो-स्ट्रोकी इंजन के p-t वृत्तों एवं सूचित निष्पादन प्राचलों की प्रागुक्ति में सक्षम है।

दो-स्ट्रोकी चक्र पर अनुप्रयुक्त मेथनॉल बलगतिकी के लिए एक ऊष्मा-बलगतिक प्रतिरूप विकसित किया गया और इसका मान्यकरण चल रहा है। इस प्रतिरूप का प्रयोग दो-स्ट्रोकी इंजन में अपस्फोट दहन की क्रियाविधि के अध्ययनार्थ होगा।

दो-स्ट्रोकी इंजन में संमार्जन अध्ययन

दो-स्ट्रोकी इंजन सिलिंडर के प्रवाह पक्ष का अनुकारित परिस्थितियों के अंतर्गत अध्ययन करने के लिए संमार्जन अध्ययन जारी है। अपरिवर्ती प्रवाह परिस्थिति पर वेग परिच्छेदिका (प्रोफाइल) प्रतिचित्रण ऐसे दो-स्ट्रोकी इंजन के सिलिंडर पर किया गया जिसके ईंधन-द्वारों को इसके संमार्जन प्रवाह पैटर्न में सुधार के लिए आपरिवर्तित कर लिया गया था। उपलब्ध आँकड़ों की मूल सिलिंडर के आँकड़ों के साथ तुलना की गई और प्रवाह परिच्छेदिका में, संमार्जन स्तंभ ज्यामिति में परिवर्तन के कारण आए अंतर का अध्ययन किया गया।

ईंधन-वायु मिश्रण के तप्त अवशिष्ट गैस ज्वलन के लिए दहन-बम अध्ययन

मेथनॉल ईंधन के नवीन ईंधन-वायु मिश्रण के स्वतोज्वलन पर तप्त अवशिष्ट के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक दहन-बम सेट अप पर प्रयोग किए गए। तुल्यता अनुपात, तापमान इत्यादि के विभिन्न प्राचलों के लिए अभिप्रयोग किए गए। हाइड्रोकार्बन ईंधन के साथ प्रयोग के लिए सेट अप का आपरिवर्तन किया गया।

वैकल्पिक ईंधन

स्वचालित इंजन में सी०एन०जी० अनुप्रयोग

इंजनों पर सी०एन०जी० रिट्रोफिट किट के मूल्यांकन के लिए अवसंरचना का निर्माण किया गया। डी०ई०एस०यू०, दिल्ली, एन्०टी०पी०सी०, दादरी और गाजियाबाद के सी०एन०जी० भरण केंद्रों से सी०एन०जी० के परिवहन एवं भंडारण के लिए 20 सिलिंडरों वाला एक सी०एन०जी० सोपानीपात प्राप्त कर चालू किया गया। सी०एन०जी० के साथ द्वैत-ईंधन मोड पर चलने वाले डीज़ल इंजन एवं पूर्ण सी०एन०जी० प्रचालन के लिए एस्०आई० इंजन के संपरीक्षण बेंचों को सी०एन०जी० किट के मूल्यांकन के लिए अलग-अलग अधिष्ठापित किया गया। एक डीज़ल सी०एन०जी० द्वैत-ईंधन किट का भी मूल्यांकन किया गया। ''प्रीमियर'' एवं ''मारुति'' मार्का यात्री कारों का भी सी०एन०जी० प्रचालनार्थ रूपांतरण किया गया एवं उन्हें क्षेत्र अभिप्रयोगों के लिए तैयार किया गया।

भा०पे०सं० ने नागपट्टिणम् में डीज़ल इंजन बस पर सी०एन०जी० पर आरंभिक प्रायोजना में भाग लिया। यह ''चोलन रोड कॉर्पोरेशन,'' ''मद्रास रिफाइनरीज़ लि०'', ''ट्रांस इनर्जी लि०'' एवं अन्यों के साथ संयुक्त रूप से किया गया। सी०एन०जी० के साथ द्वैत-ईंधन मोड पर चलने वाली एक बस का भा०पे०सं० में न्याधार बलमापी (शैसी डाइनैमोमीटर) पर मूल्यांकन किया गया।

CAR BEING FILLED WITH COMPRESSED NATURAL GAS

1.3

ENGINE RESEARCH AND TESTING

Basic Studies

Modelling of Engine Cycle Process

A thermo fluid model for the cycle of two-stroke engine was developed and validated through experimental pressure time histories. A parametric study to establish the sensitivity of the model was carried out. The model is a thermodynamic model capable of predicting the p-t histories and indicated performance parameters of the two-stroke engine.

A thermo kinetic model for methanol kinetics applied to 2-stroke cycle was developed and its validation is underway. The model will be used to study the mechanism of knocking combustion in two-stroke engine.

Scavenging Studies in Two-Stroke Engine

Scavenging studies are underway with a view to study the flow aspect of 2-stroke engine cylinder under simulated conditions. Velocity profile mapping on steady flow condition was carried out on a cylinder of two-stroke engine with ports modified to improve its scavenging flow pattern. The data obtained were compared with the data on the original cylinder and difference in flow profile due to changes in scavenging post geometry was studied.

Combustion Bomb Studies for Hot Residual Gas Ignition of Fuel-Air Mixture

Experiments to study the effect of hot residual on auto- ignition of fresh fuel-air mixture of methanol fuel were done on a combustion bomb set up. Trials were done for various parameters of equivalence ratio, temperature etc. The set up was modified for experiments with hydrocarbon fuel.

ALTERNATIVE FUELS

CNG Application in Automotive Engine

Infrastructure for evaluation of CNG retrofit kits on engines was created. A CNG cascade comprising of 20 cylinders was procured and commissioned for transporting and storing CNG from CNG filling points at DESU Delhi, NTPC, Dadri and Gaziabad. Test benches of diesel engine to run on dual fuel mode with CNG and S I engine for full CNG operation were separately installed for evaluation of CNG kit. A diesel CNG dual fuel kit was also evaluated. Passenger cars of Premier and Maruti makes were converted for CNG operation and made ready for field trials.

IIP participated in pilot project on CNG on diesel engine bus at Nagapattinam. This was jointly done with Chollan Road Corporation, Madras Refineries Ltd., Trans Energy Ltd. and others. One bus operating on dual fuel mode with CNG was evaluated at IIP on chassis dynamometer.

Development of a Two-Stroke Engine for CNG

Study was undertaken to develop a 3-wheeler two-stroke engine to operate on CNG fuel. A gas-air mixer for fuel introduction was designed and fabricated. The mixer was mounted on the engine and experiments to study the performance and effect of intake system modification on engine performance were conducted. Based on these experiments, gas/air mixer was modified and optimised. Experiments on separate

सी०एन०जी० के लिए एक दो-स्ट्रोकी इंजन का विकास

सी०एन०जी० ईंधन पर चलने वाले एक तिपहिया दो-स्ट्रोकी इंजन का विकास करने के लिए अध्ययन आरंभ किया गया। ईंधन सन्निवेश के लिए एक गैस-वायु मिश्रित्र का अभिकल्प तैयार कर संविरचित किया गया। मिश्रित्र को इंजन पर आरोपित किया गया एवं इंजन निष्पादन पर अंतर्ग्रहण प्रणाली आपरिवर्तन के प्रभाव व इसके निष्पादन के अध्ययनार्थ प्रयोग संचालित किए गए। इन प्रयोगों के आधार पर गैस/वायु मिश्रित्र का आपरिवर्तन कर उसका इष्टतमीकरण किया गया। विभिन्न भारण परिस्थितियों में पृथक्-पृथक् स्नेहन अपेक्षाओं पर प्रयोग भी संचालित किए गए ताकि इस इंजन के लिए पृथक् स्नेहन प्रणाली के अभिकल्प के लिए आँकड़ों का संकलन किया जा सके।

भारतीय वाहनों में 3 प्रतिशत मेथनॉल गैसोलीन संमिश्र का प्रयोग

मोटर साइकलों, स्कूटरों, और मोपेडों में से प्रत्येक के दो-दो मार्कों (अर्थात् छः वाहनों) पर गैसोलीन के साथ 3% संमिश्र मेथनॉल (एम्०-3) के प्रयोग से सहन अभिप्रयोग किए गए ताकि भारतीय वाहनों में एम्०-3 ईंधन की व्यवहार्यता का निदर्शन किया जा सके। प्रत्येक वाहन को 10,000 किमी तक चलाया गया और इंजन अपघर्षण, निक्षेप, सामग्री सुसंगति निष्पादन, ईंधन किफायत और चालन क्षमता पर प्राचलों का अध्ययन किया गया। ''प्रीमियम एन्०ई०'' एवं ''मारुति वैन'' पर अभिप्रयोग चल रहे हैं ताकि इन दोनों कारों में इंजन चिरस्थायित्व और तेल अवकर्षण को स्पष्ट किया जा सके। क्षेत्र एवं न्याधार बलमापी पर निष्पादन अध्ययन भी किए गए।

गैसोलीन में 3% मेथनॉल के भौतिक-रासायनिक अभिलक्षणों, प्रावस्था पृथक्करण एवं ऑक्टेन संख्या पर प्रभाव का भी अध्ययन किया गया। संक्षारण और सामग्री सुसंगति पर एवं संक्षारण प्रतिरोध पर निरोधकों के प्रभाव पर भी अध्ययन किए गए। एम्-3 के साथ सभी वाहनों पर व्यापक उत्सर्जनों का मापन किया गया। विभिन्न वाहन मार्कों पर एम्-3 के साथ ईंधन क़िफ़ायत परिणामों को चित्र 13 में दिखाया गया है।

अब तक किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि एम्०-3 ईंधन भारतीय वाहनों में व्यापारिक अनुप्रयोगार्थ व्यवहार्य है, हालांकि कुछ वाहनों में थोड़े-से अधात्विक सामग्री परिवर्तन आवश्यक हैं।

स्नेहन-अध्ययन

2-टी तेल संपरीक्षण विधियों का विकास

दो-स्ट्रोकी वायु-शीतलित गैसोलीन इंजन स्नेहक की दृश्य धूम उग्रता के मूल्यांकन के लिए संपरीक्षण विधियों को अंतिम रूप दिया गया और उन्हें आई०एस० विनिर्देशनों में समावेशार्थ, बी०आई०एस्० 2-टी तेल तदर्थ वर्ग को प्रस्तुत कर दिया गया।

एच्०डी० टाइप 3 स्तर के इंजन तेलों के अपमार्जन मूल्यांकन के लिए किर्लोस्कर अति-आवेशित इंजन संपरीक्षण तकनीक का विकास

